www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 19 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-सप्तमीं, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 128 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दशकों तक रहा नक्सलवाद का साया, पहली बार लहराया तिरंगा, अब आंखों में विकास का सपना

■ आजादी के 80वें साल में ग्रामीणों को सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा की उम्मीद

विश्वजीत सरकार/ दंतेवाड़ा

कभी नक्सलवाद के प्रभाव और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण विकास से कटे रहे दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाकों में अब बदलाव की उम्मीद दिखाई देने लगी है। गमपुर से तमबोडी पंचायत तक जुड़े करीब 40 गांवों में लंबे समय से सड़क, बिजली, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है। नक्सली प्रभाव के कारण वर्षों तक सरकारी विकास कार्य इन इलाकों तक नहीं पहुंच सके। नक्सली प्रभाव कम होने के बाद ग्रामीण जिला प्रशासन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। आजादी के 80वें वर्ष में इन गांवों के लिए 15 अगस्त 2026 का दिन खास रहा। ग्रामीणों के अनुसार कई गांवों में पहली बार तिरंगा फहराया गया। जिन इलाकों में कभी सरकारी तंत्र की पहुंच बेहद सीमित मानी जाती थी, वहां राष्ट्रीय ध्वज ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बच्चों की पढ़ाई सबसे बड़ी चुनौती

दूरस्थ गांवों में शिक्षा की स्थिति अब भी गंभीर है। ग्रामीणों के मुताबिक बच्चों को पढ़ाई के लिए कई किलोमीटर दूर आश्रम या स्कूल जाना पड़ता है। कक्षा 4 के छात्र रमेश माड़वी के करीब 40 किलोमीटर पैदल चलकर गंगालूर बालक आश्रम पहुंचने का उदाहरण बताता है कि शिक्षा तक पहुंच कितनी कठिन है। अब ग्रामीण चाहते हैं कि क्षेत्र में स्कूल और आश्रमों की सुविधा बढ़े, ताकि बच्चों को जंगल और नदी पार कर लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

पुस्तैनी खेती और शिकार ही जीवन का सहारा

सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित ग्रामीण मुख्य रूप से खेती और शिकार के सहारे जीवनयापन करने को मजबूर हैं। बरसात में नदी और जंगल के बीच फंसे इन गांवों में बीमारी या आपात स्थिति होने पर इलाज तक पहुंचना भी बड़ी चुनौती बन जाता है। कई गांवों में पहली बार तिरंगा फहराया जाना ग्रामीणों के लिए बदलाव की शुरुआत माना जा रहा है। वर्षों तक नक्सलवाद के साये में रहे इन इलाकों में अब ग्रामीण चाहते हैं कि राष्ट्रीय ध्वज के साथ विकास का उजाला भी पहुंचे। नक्सलवाद के कारण जो विकास वर्षों तक गांवों से दूर रहा, अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि शांति के इस दौर में जिला प्रशासन उन तक विकास की वह हर सुविधा पहुंचाएगा।

खनिज संपदा से समृद्ध है दंतेवाड़ा जिला

भीमा सोढ़ी ने कहा कि बैलाडीला का लौह अयस्क देश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता से होना चाहिए। तालपेरू नदी का पानी लाल हो गया है। मिट्टी की गुणवत्ता और मवेशियों की मौत के कारणों की वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक जांच कराकर वास्तविक स्थिति सामने लाना जरूरी है। खनन से समृद्ध क्षेत्र के ग्रामीणों तक विकास की वास्तविक रोशनी पहुंचाना सरकार और शासन का काम है।

आज बेबाक

ये तो गजब हो रहा है। खुद को दिमागी नक्सली बताने की होड़ लग गई है। पी चिदम्बरम, महबूबा मुफ्ती, अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और प्रकाशराज खुद को दिमागी नक्सली घोषित कर चुके हैं। अभी तो पार्टी शुरू हुई है। इन खरबूजों को देखकर अभी और कई खरबूजे रंग बदलेंगे और नारे लगाएंगे कि - गर्व से कहो हम दिमागी नक्सली हैं। काकरोच बनने के लिए भी ऐसी ही होड़ लगी थी। कल को यदि कोई यह कह देगा कि मूर्ख लोग देश के लिए खतरनाक है तो देख लेना दिमाग से पैदल ये अहमक खुद को महामूर्ख घोषित कर देंगे।

ऑडिट स्टेटमेंट : कोविड महामारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुआ पीएम केयर्स फंड

पीएम केयर्स फंड 8,452 करोड़ पहुंचा एक साल में 1,279 करोड़ का इजाफा

नई दिल्ली/नवप्रदेश। पीएम केयर्स फंड अबतक के रिकॉर्ड स्तर 8,452 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कोविड महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुए पीएम केयर्स फंड को लेकर बहुत विवाद खड़े करने की कोशिशें की जाती रही हैं, लेकिन इसने तब से लेकर अब तक अनेकों आपात स्थिति में बड़ा रोल निभाया है।

पीएम केयर्स फंड के साल 2024-2025 और 2023-2024 के ऑडिट स्टेटमेंट के आधार पर यह जानकारी सामने आई, जिसे हाल ही में सार्वजनिक किया गया है।

घरेलू डोनेशन में मिला बड़ा अमाउंट

2024-25 के दौरान घरेलू डोनेशन 479.04 करोड़ रुपये आया। वहीं विदेशी डोनेशन 92.83 लाख रुपये आया। फंड को लागू करने वाली एजेंसियों से रिफंड के तौर पर 324.66 करोड़ रुपये मिले और फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज पर टीडीएस के रिफंड के तौर पर 13.49 लाख रुपये भी मिले।

पीएम केयर्स फंड क्यों शुरू किया

■ पीएम केयर्स फंड की मौजूदा स्थिति के दो संकेत हैं। एक तो मोटा कॉर्पस किसी भी आपात स्थिति के लिए सुरक्षित है और इस रकम पर मोटा ब्याज भी जमा हो रहा है, जिससे यह कॉर्पस लगातार बढ़ता जा रहा है।

■ पीएम केयर्स फंड की शुरुआत उन बच्चों की सहायता के लिए हुई थी,जिन्होंने अपने माता-पिता या लीगल गार्डियन को कोविड-19 के दौरान खो दिया।

■ पीएम केयर्स फंड से उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य मुहैया करवाई जाती है और उन्हें वित्तीय सहायता दी जाती है।

■ केंद्र सरकार अभी भी इस फंड को बच्चों की योजना पर खर्च कर रही है।

पीएम केयर्स फंड बड़े हिस्से का फिक्स डिपॉजिट

■ पीएम केयर्स फंड में सबसे बड़ा बदलाव यह किया गया है कि इसके 8,452 करोड़ रुपये के कॉर्पस में से बड़ा हिस्सा यानी 6,641 करोड़ रुपये अब फिक्स डिपॉजिट में रखा है।

■ पहले इसका अधिकतर हिस्सा बजत खाते में जमा रहता था।

■ फिक्स डिपॉजिट में ज्यादा फंड रखने से अधिक ब्याज मिल रहे हैं, जिससे इस फंड में तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है और इसके कॉर्पस में लगातार विस्तार हो रहा है।

■ फिक्स डिपॉजिट में ज्यादा रकम रखने से दिए गए सबसे आखिरी वित्त वर्ष में करीब 474 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में प्राप्त हुए हैं।

एक साल में फंड में 1,279 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

■ साल 2023-24 में पीएम केयर्स फंड का कॉर्पस 7,173 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में बढ़कर 8,452 करोड़ रुपये हो गया। मतलब, 1,279 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी।

■ पीएम केयर फंड के कॉर्पस में बढ़ोतरी का मतलब है कि अब किसी भी इमरजेंसी के लिए एक बड़ा वित्तीय रिजर्व सुरक्षित हो चुका है।

■ पीएम केयर्स का गठन ही इस इरादे से किया गया है कि जब किसी संकट की स्थिति में तत्काल पैसों की आवश्यकता हो तो सरकार तुरंत मदद उपलब्ध करा सके।

घरेलू दान से एक साल में मिले लगभग 475 करोड़ रुपये

■ पीएम केयर्स फंड को मिलने वाले दान का सिलसिला भी नहीं थमा है।

■ आखिरी वित्त वर्ष में सिर्फ घरेलू दान से इस फंड में लगभग 475 करोड़ रुपये जुड़े हैं।

अमेरिका में भारत जैसा चुनावी सिस्टम होना चाहिए: डोनाल्ड ट्रंप

■ हर भारतीय वोटर के पास फोटो आईडी, अमेरिका में बिना इसके इलेक्शन क्यों

वॉशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को भारत की चुनाव व्यवस्था का हवाला देते हुए 'सेव अमेरिका एक्ट' को पास कराने की अपील की है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में लिखा- इस महीने की शुरुआत में, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमारे प्रशासन से पूछा था कि अमेरिका में वैध फोटो आईडी के बिना चुनाव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्या है सेव अमेरिका एक्ट?

सेव अमेरिका एक्ट अमेरिका में मतदाता पंजीकरण और मतदान से जुड़े नियमों को और सख्त करने वाला एक विधेयक प्रस्ताव है। इसके तहत वोटर रजिस्ट्रेशन के समय नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण और मतदान के समय फोटो आईडी दिखाना जरूरी होगा। इस विधेयक में डाक से वोट देने की प्रक्रिया को काफी सीमित करने की बात भी कही गई है।

पाक सुको का आदेश, इमरान को 2 दिन में अस्पताल भेजें

■ बहनों से मिलना उनका अधिकार, 2023 से जेल में हैं पूर्व पीएम इमरान खान

इस्लामाबाद/ए.। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अस्पताल भेजने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इमरान को 48 घंटे में शिफा इंटरनेशनल अस्पताल ट्रांसफर किया जाए। उनकी सेहत की जांच और इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड भी बनाया जाएगा।

कोर्ट ने इमरान की बहनों से मुलाकात को लेकर भी सवाल उठाया। जस्टिस शाहिद वहीद ने कहा कि बहनों से मुलाकात कराना कोई एहसान नहीं, बल्कि उनका मौलिक अधिकार है।

अदालत ने पिछले तीन साल में इमरान और उनकी बहनों के बीच हुई सभी मुलाकातों की जानकारी मांगी। इमरान के बेटों से उनकी बातचीत और कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जानकारी भी देने को कहा गया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कांवड़ यात्रा में महिला पर एसिड अटैक, चेहरा जला, 2 बच्चे भी झुलसे

दुर्ग-भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में सोमवार को कांवड़ यात्रा पर जा रही महिला पर युवक ने एसिड फेंक दिया, जिससे उसका चेहरा झुलस गया। इस दौरान 2 बच्चें भी एसिड की चपेट में आ गए। महिला को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नंदिनी नगर थाना क्षेत्र का है। जांच में सामने आया है कि महिला और युवक एक-दूसरे को पहले जानते हैं। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला के बात नहीं करने से नाराज होकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। उसने महिला पर बैटरी का केमिकल फेंका था।

गरमा-गरम

मध्य प्रदेश के मुरैना में खुदाई के दौरान निकले 1913 के सिक्के

■ जॉर्ज पंचम के नाम से जारी था एक रुपया, प्रशासन ने बरामदगी के निर्देश दिए

मुरैना/नवप्रदेश। मुरैना में ग्रीन फील्ड हाईवे निर्माण के दौरान ग्राम डोंगरपुर लोधा गांव के पास खुदाई में पुराने चांदी के सिक्के मिले हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम करीब 5 बजे खुदाई के दौरान कुछ सिक्के ग्रामीणों को मिले। वहीं, एक जेसीबी संचालक को भी खुदाई के दौरान सिक्के मिलने की बात सामने आई है। सिक्के मिलने का वीडियो सामने आने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

11.6 ग्राम वजन 91 प्रतिशत चांदी

पुरातत्व विभाग के जिला अधिकारी अशोक शर्मा के अनुसार, बरामद सिक्के का वजन करीब 11.6 ग्राम है। इसमें करीब 91 प्रतिशत चांदी होने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने बताया कि सिक्के पर 1913 और 'वन रुपी इंडिया' अंकित है। ग्रामीणों को कुल कितने सिक्के मिले हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

दिल्ली पुलिस दावा- सीजेपी का संसद मार्च गैरकानूनी था

■ सुप्रीम कोर्ट में कहा- प्रदर्शन में हिस्ट्रीशीटर शामिल हुए, बैरिकेड तोड़े, लेकिन हमने ज्यादा बल प्रयोग नहीं किया

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 20 जुलाई का संसद मार्च गैरकानूनी था। इसकी परमिशन नहीं थी। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में कई हिस्ट्रीशीटर भी आ गए थे।

पुलिस ने बताया कि संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े और पुलिस से मारपीट की, जिससे प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं रहा। हालात संभालने के लिए बल प्रयोग किया गया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग नहीं किया गया।

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन शर्मा ने हलफनामा दाखिल कर ये जानकारी दी। इसे पुलिस ज्यादती की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाओं के जवाब के तौर पर पेश किया गया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में हाई लेवल कमेटी बनाएगा।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा का नाम नहीं

■ 8 आरोपी पहले ही जेल में, एसआईटी ने फाइनल जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी

अयोध्या/ए.। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के लिए यूपी सरकार की बनाई एसआईटी ने सोमवार रात फाइनल रिपोर्ट सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक, इसमें ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा का नाम नहीं है।

बाकी 8 आरोपी पहले ही जेल में हैं। यूपी के गृह विभाग ने रिपोर्ट राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास को सौंपी है। इसे राम मंदिर ट्रस्ट की 2 सितंबर को होने वाली बैठक में रखा जाएगा। ट्रस्ट ने ही उत्तर प्रदेश सरकार से चढ़ावा चोरी की स्ढ्ढञ्ज जांच का अनुरोध किया था।

यूपी सरकार ने 13 जून को लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में 3 सदस्यों की एसआईटी बनाई थी। आईजी रेंज किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन कुमार इसके सदस्य थे। एसआईटी ने 23 जून को प्राइमरी रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच की कमान आईपीएस को सौंपने और फाइनेंस एक्सपर्ट को शामिल करने के निर्देश दिए थे। 20 जुलाई को नई एसआईटी बनी, जिसमें लखनऊ रेंज के आईजी किरण एस, डीआईजी अयोध्या सोमेन वर्मा और अयोध्या एसएसपी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट में फांसी सिस्टम खत्म करने की याचिका खारिज

■ मौत के लिए जहरीले इंजेक्शन या गोली जैसे तरीकों की मांग की गई थी

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मौत की सजा देने के लिए फांसी की मौजूदा व्यवस्था खत्म करने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई आधार नहीं है, जिसके कारण फांसी को असंवैधानिक घोषित किया जाए। याचिका में फांसी को क्रूर, अमानवीय और दर्दनाम बताया गया था। इसकी जगह जहरीले इंजेक्शन, गोली मारने जैसे चार वैकल्पिक तरीकों से मौत की सजा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

याचिका में कहा था- कम दर्द देने वाले तरीके अपनाए जाएं

वरिष्ठ वकील ऋषि मल्होत्रा ने 2017 में यह याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया था कि फांसी की प्रक्रिया में 40 मिनट से ज्यादा लग सकते हैं, जबकि गोली मारने में कुछ मिनट और जहरीले इंजेक्शन में करीब 5 मिनट लगने का दावा किया गया। याचिका में सीआरपीसी की धारा 354(5) को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई थी। इसी धारा के तहत मौत की सजा पाए दोषी को गर्दन से तब तक लटकाया जाता है, जब तक उसकी

मौत न हो जाए। याचिकाकर्ता ने इसे संविधान के अनुच्छेद 21 में मिले जीवन और गरिमा के अधिकार के खिलाफ बताया गया। मल्होत्रा ने यह भी कहा था कि मौत की सजा पाए कैदी को फांसी और जहरीले इंजेक्शन में से कोई एक तरीका चुनने का विकल्प मिलना चाहिए।

अच्छी पहल : डीकेएस अस्पताल रायपुर में हुआ सफल उपचार, स्वस्थ होकर मुख्यमंत्री साय से मिला अविनाश

सीएम साय की संवेदनशील पहल से अविनाश को मिला नया जीवन

■ आर्थिक तंगी बनी थी इलाज में बाधा, सीएम कैंप कार्यालय ने बढ़ाया मदद का हाथ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल जरूरतमंद परिवारों के जीवन में आशा और विश्वास का संचार कर रही है। बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के साथ ही गंभीर बीमारी से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए भी लगातार सहायता दी जा रही है। इसी संवेदनशील पहल से फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंडरीपानी निवासी 21 वर्षीय अविनाश नायक का रायपुर के डीकेएस अस्पताल में सफल उपचार संभव हो सका है।

स्वस्थ होने के बाद अविनाश आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया पहुंचे और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उनके प्रति ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कैंप कार्यालय ने दिखाई तत्परता, रायपुर में कराया उपचार

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने अविनाश की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनके उपचार के लिए तत्काल आवश्यक पहल की। उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रायपुर भेजा गया, जहां डीकेएस अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार और ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। सफल उपचार ने अविनाश के जीवन की एक बड़ी परेशानी दूर कर दी है।

आर्थिक स्थिति कमजोर थी, मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बना सहारा

अविनाश ने भावुक होकर बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे किसी बड़े अस्पताल में जाकर अपना उपचार करा सकें। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन देने के बाद उनकी समस्या पर गंभीरता से पहल हुई और रायपुर के डीकेएस अस्पताल में सफल उपचार कराया गया। अविनाश ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन समय में मिली इस सहायता ने उन्हें बड़ी परेशानी से मुक्ति दिलाई है।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने की शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

■ लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए सख्त निर्देश, लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा की और विभागवार प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ बिना किसी असुविधा के समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने

तथा हितग्राहियों से सीधे संवाद करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रथम किस्त प्राप्त हितग्राहियों के आवासों का निर्माण निर्धारित समय में पूर्ण कराकर नियमानुसार द्वितीय एवं तृतीय किस्त जारी करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही लंबे समय से अधूरे पड़े आवासों को चिन्हित कर उनके शीघ्र पूर्ण होने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के तहत शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया।

महतारी वंदन योजना तथा वृद्धावस्था, विधवा सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों को नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित करने कहा।

उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लंबित ई-केवाईसी एवं भूमि सत्यापन के कार्य को अभियान चलाकर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने मजदूरी भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने देने के निर्देश दिए।

योजनावार की गई गहन समीक्षा

बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों को प्रथम किस्त जारी हो चुकी है, उनके आवास निर्माण को प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए।

न्यूज गैलरी

वंदेमातरम का अपमान कर कांग्रेस ने देश की एकता और अखंडता पर प्रहार किया है: रंजना

धमतरी/नवप्रदेश। भारत माता के वंदना गीत ÷वंदे मातरम÷ के अपमान को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है।

श्रीमती साहू ने कहा कि ÷वंदे मातरम÷ सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत और हर भारतीय की शान है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा इसका अपमान करना देश की आत्मा का अपमान है। ऐसे कृत्य से न केवल देशभक्त जनता आहत हुई है, बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भी सवाल उठते हैं।

उन्होंने कहा कि जो पार्टी स्वयं को देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ने की तथाकथित बात करती रहती है, आज उसी पार्टी के नेता राष्ट्र के सम्मान का अपमान कर रहे हैं। यह कांग्रेस की दोहरी नीति और वोट बैंक की राजनीति को दर्शाता है।

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर आज कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कलेक्टर ने

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने इस दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस कार्यालय में किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव

में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा.पु.से.), डीएसपी के.पी. मरकाम, साइबर थाना, डीएसबी, डीसीबी, डीसीआरबी/नक्सल सेल, दूरसंचार शाखा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में अब तक 440.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

बेमेतरा/नवप्रदेश। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून 2026 से 18 अगस्त 2026 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 440.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील बेरला में 566.2 मि.मी. तथा न्यूनतम 307 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 361 मि.मी. वर्षा, देवकर तहसील में 374 मि.मी. वर्षा, थानखम्हरिया तहसील में 528 मि.मी. व भिंभौरी तहसील में 494.7 मि.मी., साजा तहसील में 473.5 मि.मी.वर्षा, दाढ़ी तहसील मे 412 मि.मी. वर्षा एवं नांदघाट तहसील में 448.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जिले में सुगम यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

ब्लैक स्पॉट सुधार के दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं एवं पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, स्वास्थ्य, नेशनल हाईवे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सुगम यातायात व्यवस्था बनाने पर विशेष जोर

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि जिले में बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासन के साथ नागरिकों का सकारात्मक सहयोग भी आवश्यक है।

दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने जिले में पिछले तीन माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अधिकांश दुर्घटनाओं के पीछे तेज गति से वाहन चलाना, शराब के नशे में वाहन चलाना, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना तथा गलत दिशा में वाहन चलाना प्रमुख कारण हैं।

उन्होंने शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड तथा स्कूल-कॉलेजों के सामने नो पार्किंग जोन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। अवैध पार्किंग के विरुद्ध नगर पालिका एवं पुलिस को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने कहा गया। सभी स्कूलों के 200 मीटर के दायरे में स्पीड ब्रेकर, ÷स्कूल आगे है÷ संकेतक बोर्ड तथा ट्रैफिक वॉलंटियर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने स्कूल बसों की फिटनेस जांच एवं चालकों के सत्यापन को अनिवार्य करने के साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा वाहन चलाकर स्कूल आने पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित करने कहा। सड़कों के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने, सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को हटाने तथा सड़क किनारे अवैध रूप से व्यापार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात पुलिस की ड्यूटी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों तथा बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रतिदिन सघन जांच अभियान चलाने कहा गया। भारी वाहनों में ओवरलोडिंग पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

चिन्हित ब्लैक स्पॉट का होगा सुधार

बैठक में जिले के दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर स्थित घुमावदार मोड़ों एवं बिना सिग्नल वाले चौराहों की पहचान कर वहां रंबल स्ट्रिप, रेडियम पट्टी एवं चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए

स्कूल-कॉलेजों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से स्कूल-कॉलेजों में कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से ÷सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा÷ का संदेश आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

नई प्रथाओं की शुरुआत कर मनाया गया आजादी का पर्व

नगरी /नवप्रदेश। नगरी से जेस सिंगपुर ,मगरलोड में आजादी का पर्व कुछ अलग अंदाज में मनाया गया। एस. एम.डी.सी.,ग्राम पंचायत एवम पालकों की उपस्थिति में प्रभात फेरी ,ग्राम भ्रमण, ध्वजारोहण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पारम्परिक रूप से सम्पन्न हुआ ही इसके अतिरिक्त एस .एम.डी. , ग्राम पंचायत के सदस्य तथा पालकों ने कम्युनिटी किचन के संचालन का संकल्प लेकर विद्यालय में नवाचार को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य के आग्रह पर पालकों ने इस बात को भली भांति समझा कि विद्यालय केवल बच्चों के पढ़ने का केंद्र मात्र नहीं है बल्कि यह समूचे समुदाय के उत्सव का केंद्र है जैसा कि एन. ई.पी. में उल्लेख किया गया है। अतः विद्यालय को जन चेतना का केंद्र बनाने हेतु कम्युनिटी किचन के माध्यम से पूरे पालकों को विद्यालय से जोड़ने का काम किया जाएगा। पालक अपने बच्चे का जन्म दिन ,स्वयम का जन्म दिन,वैवाहिक वर्ष गॉठ, प्रियजन की स्मृति में होने वाले कार्यक्रम को विद्यालय में आकर मनाएंगे।कम्युनिटी किचन के माध्यम से बच्चों को नेवता भोज,सहभोज कराने का कार्य सतत चलेगा। ऐसा करने के पीछे मकसद यह है कि विद्यालय एवम समुदाय के बीच मजबूत रिश्ता बना रहे। कम्युनिटी किचन के माध्यम से आम पालकों के लिए,शैक्षिक गोष्ठी,चर्चा परिचर्चा,सेमिनार का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खासकर आदिवासी बच्चे तकनीकी शिक्षा में पिछड़ जाते हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के बीच एक गहरी खाई बन जाती है। इस खाई को पाटने के लिए पालकों ने विद्यालय को दो कम्पूटर सेट भेंट किया ताकि उनके बच्चों को भी तकनीकी शिक्षा मिल सके।

पालकों ने नवाचारी प्रयास के अंतर्गत विद्यालय की सतत मानिटरिंग,बच्चों का मूल्यांकन और रात्रि में बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर निगरानी करने के लिए सक्रिय शिक्षा प्रहरी के रूप में कार्य करने का निर्णय लिया। उपरोक्त तीनों योजना को प्रभावी बनाने के लिए सैकड़ों पालकों ने दृढ़ प्रतिज्ञा लेकर कार्य करने का संकल्प लिया।

स्वतंत्रता दिवस पर बटनहर्रा में देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से दिया एकता-अखंडता का संदेश

नगरी/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला बटनहर्रा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान पाठक टुकेश्वर प्रसाद शेर ध्वजारोहण किया गया

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए देशभक्ति गीतों एवं नारों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभा नेताम जनपद सदस्य, क्षेत्र क्रमांक-4, जनपद पंचायत नगरी तथा श्रीमती अनीता

मरकाम जी, सरपंच, ग्राम पंचायत बटनहर्रा विशेष अतिथि के रूप में श्री गौतम साहू, उपसरपंच तथा खूब लाल साहू सचिव, ग्राम पंचायत बटनहर्रा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत हेमलाल कुंजाम रमुला बाई साहू सेवती यादव एवं राजकुमार देव ग्राम प्रमुख सर्व समाज इतवारी साहू, ग्राम पटेल महेश नेताम एवं ग्राम कोटवार परशुराम बघेल उपस्थित रहे।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गौतम सिंह चंद्रवंशी जी, उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या ध्रुव जी, संरक्षक श्री राघवेंद्र ग्वाल जी एवं सह-संरक्षक श्री युवराज साहू जी सहित समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अन्य गणमान्य नागरिकों में श्री दयाराम नागेश जी, श्री असवंत देव जी एवं सुश्री रीना यादव जी उपस्थित रहे। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से कुमारी योगेश्वरी साहू जी की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, कविता, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामवासियों का उत्साह बढ़ाया।

नगर निगम में स्वतंत्रता दिवस समारोह महापौर मधुसूदन ने किया ध्वजारोहण

गौरव स्थल में की गयी पुष्पांजलि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा प्रातः 7:30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊनहाल में ध्वजारोहण किया गया । इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम एवं पूर्व महापौर श्री अजीत जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में टाउन हॉल में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके अलावा गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आयोजित समारोह में

महापौर श्री यादव ने 80वीं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आजादी को प्राप्त करने के लिए जिन लोगो ने देश में शहादत दिये उन्हें मैं श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ। हमारा देश उत्तरोत्तर प्रगति करे ऐसी कामना करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज हम शहर के लोगो को बेहतर सुविधा देने अपने दयित्वों को ईमानदारी एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाहन करने का संकल्प लेकर कार्य करे, ताकि अगले साल के स्वतंत्रता दिवस तक उसका परिणाम दिखे। साथ ही शहर के लोगो का विश्वास निकाय के प्रति बढ़े ऐसा कार्य करने का संकल्प ले। टाऊन हाल में आयोजित समारोह में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों सर्वश्री सावन वर्मा, राजेश जैन रानू, शैकी बग्गा, केवरा राय, वर्षा सिन्हा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ सभापति खेमिन यादव, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, अपिल समिति के सदस्य श्रुति लोकेश जैन, संतोष कुमार साहू व सेवक उके, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, सतीश मसीह, कमलेश बंधे, संजय रजक, मनोहर यादव, प्रमोद झंझाडे, संगीता देवांगन, प्रियंका कुरंजेकर, झामित सेन, अमित कुशवाहा, न्यामत हुड्डा, श्रीमती रीना सिन्हा,चंद्रिका साहू, जैनम बैद, रवि सिन्हा, सतीश साहू, अमृता सिन्हा, अरूण साहू, नामांकित पार्षद करूणा राजपूत, भीष्म देवांगन, सूर्यकांत श्रीवास, मंजू यादव, कीर्ति बोरकर, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा व विजय राय, पूर्व नामांकित पार्षद एजाजूल रहमान की उपस्थिति में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने ध्वजारोहण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमागी नक्सल वक्तव्य पर कांग्रेस नेता की प्रतिक्रिया दुर्भाग्यपूर्ण : गौरव मगर

धमतरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा ÷दिमागी नक्सल÷ जैसे गंभीर विषय को अपने भाषण मे लिया जिसका कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल महामंत्री गौरव मगर ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

गौरव मगर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश के सामने एक गंभीर वैचारिक चुनौती की ओर ध्यान आकर्षित किया है। नक्सलवाद केवल हथियारों के माध्यम से नहीं, बल्कि हिंसा, अराजकता, राष्ट्रविरोधी सोच और समाज में भ्रम फैलाने वाली विचारधारा के माध्यम से भी नुकसान पहुंचाता है। ऐसे विषय पर गंभीर चर्चा करने के बजाय कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम द्वारा यह

बयान देना की मै दिमागी नक्सली हूं और इस पर मुझे गर्व है। ये जब देश क़े गृहमंत्री थे तब छत्तीसगढ़ कांग्रेस क़े सभी शीर्ष नेताओ की हत्या नक्सली हमले मे हुई थी7अब उनका अपने आप को नक्सली बताना हमले पर प्रश्न खड़ा करता है।

अरविन्द केजरीवाल ने खुद को नक्सली बताया और भगत सिंह जी जैसे देशभक्त को इस विषय से जोड़ दिया7

महबूबा मुफ़्ती का यह राजनीतिक बयानबाजी करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

गौरव मगर ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी नेताओं को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे हिंसा और अराजकता फैलाने वाली किसी भी विचारधारा के खिलाफ स्पष्ट रूप से खड़े हैं या नहीं। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद का अधिकार सभी को है, लेकिन राष्ट्र की एकता और अखंडता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि देश का युवा राष्ट्रहित, संविधान, लोकतंत्र और विकास की सकारात्मक विचारधारा से जुड़े तथा सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक जीवन में फैलाए जा रहे भ्रम और उकसावे से सावधान रहे।

कार्रवाई: मिलावटी व अमानक मिठाइयों, भ्रामक लेबलिंग और प्रतिबंधित डेयरी एनालॉग के विरुद्ध होगी कार्रवाई

23 अगस्त तक चलेगा 'बने खावो- बने रहिबो' विशेष अभियान

बेमेतरा/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेशभर में 17 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक सात दिवसीय ÷बने खाबो-बने रहिवो 2.0÷ सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान मिलावटी, अमानक, मिथ्याछाप एवं असुरक्षित मिठाइयों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ 31 जुलाई 2026 को प्रकाशित राजपत्र अधिसूचना के अनुमार प्रतिबंधित अमानकीकृत डेयरी एनालॉग अथवा ÷गैर-दुग्ध किंतु दुग्ध-उत्पाद-सदृश÷ खाद्य पदार्थो की

पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ऐसे अमानकीकृत डेयरी एनालॉग अथवा गैर-दुग्ध किंतु दुग्ध उत्पाद-सदृश खाद्य पदार्थ, जो उपभोक्ता को बास्तविक दुग्ध उत्पाद होने का आभास कराते हैं, उनके निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।

विशेष रूप से ऐसी मिठाइयों की पहचान की जाएगी जिन्हें वास्तविक दुग्ध-आधारित मिठाइयों के नाम से बेचा जा रहा है, जबकि उनमें दूध/दुग्ध घटकों के स्थान पर वनस्पति तेल, वनस्पति वसा अथवा अन्य गैर-दुग्ध अवयवों का उपयोग किया गया हो। यदि गैर-दुग्ध उत्पाद को वास्तविक दूध/दुग्ध मिठाई के रूप में प्रस्तुत कर उपभोक्ता को भ्रमित किया जा रहा हो. तो लागू प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्लास्टिक जार में बिना लेबल वाले अमानक मिठाईयों के विक्रय का बड़ा थोक बाजार है जो ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे दुकानदारों को यह मिठाई बेचते हैं। ग्रामीणजन एवं बच्चे चिल्हर में एक या दो रूपए में यह मिठाई खरीद कर खाते हैं। चूंकि जार के लेबल में खाद्य पदार्थ के निर्माण तिथि, उपयोग की तिथि, घटकों के नाम (इनग्रेडिएण्ट) एवं निर्माता फर्म के पूर्ण पता का उल्लेख नहीं होता, ऐसे में यह जानकारी उपभोक्ता को नहीं मिल पाती कि ये मिठाई किस चीज से, कब एवं कहां बनाई गई है।

इन प्रतिष्ठानों पर रहेगा विशेष फोकस

अभियान के दौरान विशेष रूप से मिठाई एवं कन्फेक्शनरी के थोक विक्रेताओं, वितरकों एवं आपूर्तिकर्ताओं, मौसमी एवं अस्थायी मिठाई निर्माताओं, ग्रामीण एवं छोटे बाजारों के मिठाई विक्रेताओं, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी। बिना लेबल अथवा भ्रामक नाम/लेवल के साथ अथवा इन्ग्रेडिएण्ट्स की घोषणा के बिना बिकने वाली डिब्बाबंद मिठाइयों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।

बिलासपुर में बारिश ने फिर बढ़ाई रफ्तार, अब तक औसत से 9.2% अधिक पानी

■ एक दिन में 31.8 मिमी बारिश, बेलतरा में सबसे ज्यादा 22 मिमी बरसा पानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहा है। मंगलवार को जिले में कुल 31.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही 1 जून 2026 से अब तक जिले में 9252.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड हो चुकी है। यह पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 8474.4 मिमी की तुलना में 109.2 प्रतिशत है। यानी जिले में अब तक सामान्य से करीब 9.2 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। जारी वर्षा रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को सबसे अधिक बारिश बेलतरा तहसील में 22.0 मिमी दर्ज की गई। इसके अलावा सीपत में 3.0 मिमी, मस्तूरी में 1.6 मिमी, बिलासपुर में 1.4 मिमी, बोदरी में 1.3 मिमी, तखतपुर और पचपेड़ी में 1.2-1.2 मिमी बारिश हुई। बेलगहना में 0.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि बिल्हा, कोटा, रतनपुर और सकरी में मंगलवार को बारिश दर्ज नहीं हुई।

सकरी में सर्वाधिक 953.3 मिमी बारिश

1 जून से अब तक तहसीलवार बारिश पर नजर डालें तो सकरी में सर्वाधिक 953.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके बाद बिलासपुर में 930.7 मिमी, बोदरी में 835.7 मिमी, तखतपुर में 788.0 मिमी, रतनपुर में 793.7 मिमी और बेलतरा में 745.7 मिमी बारिश हुई है। मस्तूरी में 748.4 मिमी, बिल्हा में 672.8 मिमी, सीपत में 696.2 मिमी, बेलगहना में 769.6 मिमी, कोटा में 641.0 मिमी तथा पचपेड़ी में 671.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक जिले की औसत वर्षा 771.0 मिमी है, जबकि पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 706.2 मिमी रही है। इस आधार पर औसत वर्षा भी सामान्य से 109.2 प्रतिशत पहुंच चुकी है। लगातार सामान्य से अधिक बारिश होने से जिले के जलस्रोतों, खेतों और नदी-नालों में पानी की स्थिति बेहतर बनी हुई है।

घोंघा जलाशय लबालब, क्षमता से अधिक जल भराव

जिले के घोंघा जलाशय में जलभराव का स्तर निर्धारित क्षमता से ऊपर पहुंच गया है। मंगलवार की स्थिति में जलाशय का जलस्तर 318.23 मीटर दर्ज किया गया, जबकि पूर्ण जलभराव स्तर (एफआरएल) 318.20 मीटर है। जलाशय में 30.321 मिलियन घनमीटर पानी उपलब्ध है, जो निर्धारित लाइव क्षमता 30.07 मिलियन घनमीटर का 100.79 प्रतिशत है। जलाशय क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश दर्ज नहीं हुई। वहीं 1 जून 2026 से अब तक घोंघा जलाशय क्षेत्र में कुल 1064 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जलाशय में वर्तमान जलभराव पिछले दो वर्षों के मुकाबले भी अधिक है। वर्ष 2024 में इसी अवधि में 30.401 मिलियन घनमीटर और वर्ष 2025 में 29.574 मिलियन घनमीटर पानी दर्ज किया गया था। जलाशय से अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए वेस्ट वेयर (डब्ल्यूडब्ल्यू) के माध्यम से 50.28 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं स्लुइस तथा नहर के माध्यम से फिलहाल पानी का प्रवाह शून्य है। घोंघा जलाशय की डिजाइन सिंचाई क्षमता के तहत खरीफ सीजन में 8,343 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। रबी सीजन के लिए निर्धारित क्षेत्र शून्य है। जलाशय के निर्धारित एफआरएल से ऊपर जलस्तर पहुंचने के कारण लगातार निगरानी रखी जा रही है।

अरपा भैंसाझार परियोजना से 167.28 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा

अरपा भैंसाझार परियोजना में मंगलवार को जलस्तर 298.25 मीटर दर्ज किया गया। परियोजना के पूर्ण जल भराव स्तर 302.00 मीटर की तुलना में जलस्तर 3.75 मीटर नीचे है। परियोजना से लगातार पानी की निकासी की जा रही है।परियोजना से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 अगस्त को दोपहर 1 बजे जलस्तर 298.25 मीटर दर्ज किया गया। वहीं अरपा नदी में 167.28 घन मीटर प्रति सेकंड की दर से पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार बारिश के बीच परियोजना से पानी छोड़े जाने के कारण अरपा नदी के जलस्तर पर भी इसका असर पड़ रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा जलस्तर और नदी में छोड़े जा रहे पानी की मात्रा पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

न्यूज गैलरी

राहुल बने संघ के मस्तूरी तहसील शाखा अध्यक्ष

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की मस्तूरी तहसील शाखा के अध्यक्ष पद पर शासकीय प्राथमिक शाला बिनौरी के प्रधान पाठक राहुल देव भारद्वाज को नियुक्त किया गया है। पूर्व अध्यक्ष श्री पटेल के सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद रिक्त था। संघ के जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा ने राहुल देव भारद्वाज की नियुक्ति की घोषणा करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। संघ कार्यालय बिलासपुर में इस अवसर पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल देव भारद्वाज ने संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों के लिए सक्रियता से कार्य करने की बात कही।

एसईसीएल में 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' सर्तकता अभियान का शुभारंभ

पारदर्शिता व जवाबदेही संगठन की सफलता का आधारशिला : दुहन

बिलासपुर/नवप्रदेश। साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) मुख्यालय में केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान का शुभारंभ हुआ। 17 अगस्त से 16 नवंबर 2026 तक चलने वाले इस अभियान की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' निर्धारित की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने किया। कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र तथा विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात वंदे मातरम्, कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति हुई। सीएमडी हरीश दुहन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।अपने संबोधन में सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही किसी भी संगठन की सफलता की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि निवारक सतर्कता केवल अनियमितताओं की रोकथाम नहीं, बल्कि ऐसी कार्यप्रणालियाँ विकसित करने का माध्यम है, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं जवाबदेह बने। उन्होंने सभी से केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि निवारक सतर्कता का उद्देश्य प्रक्रियाओं एवं प्रणालियों को सुदृढ़ कर संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान करना है। उन्होंने कहा कि 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' तभी सार्थक होगी, जब सत्यनिष्ठा दैनिक कार्य-व्यवहार एवं निर्णय प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बने। एसईसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने कहा कि निवारक सतर्कता सुशासन, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया।

अभियान के दौरान एसईसीएल मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम, क्षमता निर्माण कार्यशालाएँ, संवाद सत्र, प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक (सतर्कता), वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

बीसीआई की अनुशासन समिति में आलोक मनोनीत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बार काउंसिल ऑफ इंडिया, न्यू दिल्ली के द्वारा अनुशासन समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार गुप्ता को, को-ऑप्टेड मेम्बर मनोनीत किया गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा इस संबंध में एक पत्र आलोक कुमार गुप्ता को प्रेषित किया गया है।

ज्ञातव्य हो कि अनुशासन समिति को अधिवक्ता कदाचरण के संबंध में कार्यवाही करने का अधिकार प्राप्त होता है। आलोक कुमार गुप्ता वर्तमान में स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ के सदस्य भी है। आलोक कुमार गुप्ता ने उनकी इस नियुक्ति पर अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए व्यक्त किया कि वे पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने इस पद कार्य का निर्वहन करेंगे।

भारतीय विधिक परिषद के द्वारा न सिर्फ उन्हें वरन छ.ग. राज्य के अधिवक्ताओं को सम्मान प्रदान किया है। आलोक कुमार गुप्ता ने व्यक्त किया कि वे हमेशा अधिवक्ता हित के लिए कार्य करते रहेंगे। शैलेन्द्र दुबे, मेम्बर (छ.ग. राज्य), बार काउंसिल ऑफ इंडिया की अनुशंसा पर आलोक कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया है।

रोजगार मेला कल, 85 पदों पर होगी भर्ती

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 20 अगस्त को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, फिजियोथेरेपिस्ट, कस्टमर रिलेशनशीप ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, रिलेशनशीप मैनेजर, अस्टिेंट मैनेजर ट्रेनी जैसे कुल 85 पद शामिल हैं। रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड तथा शैक्षणिक योग्यता से संबंधित अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति लानी होगी।

सुविचार

शुक्रगुज़ार होना चाहिए उन लोगों का जो बुरे वक्त में साथ छोड़ देते हैं, उन्हें आप पर यकीन होता है कि आप मुसीबतों से अकेले निपट सकते हैं।

नितिन की नवीन टीम

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी नवीन टीम का गठन कर लिया है। नितिन की नवीन टीम में नये चेहरों के साथ अनुभवी नेताओं को भी स्थान दिया गया है और क्षेत्रीय संतुलन साधने की भी कोशिश की गई है। उनकी टीम में महिलाओं को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा के 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। जिनमें राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को भी वहीं भाजपा की तेजर्रा नेत्री पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को आठ महासचिवों की सूचि में स्थान दिया गया है। नितिन नवीन की नई टीम में छत्तीसगढ़ को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिला है। महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी को भाजपा महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है वहीं डिजिटल अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के दीपक म्हस्के को भाजपा का राष्ट्रीय इंटरनेट मीडिया विभाग का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है यह तीसरी बार है जब भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की कमान छत्तीसगढ़ की किसी महिला नेत्री को मिली है। सबसे पहले छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित सांसद करूणा शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी थी। उसके बाद दुर्ग से निर्वाचित सांसद सरोज पांडेय भी भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी थी। अब तीसरी बार रूप कुमारी चौधरी को भाजपा महिला मोर्चा की कमान सौंपी गई है जो छत्तीसगढ़ के लिए और यहां की महिलाओं के लिए गर्व की बात है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने अल्पसमय में ही राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। वे 2005 में जिला पंचायत की सदस्य चुनी गई थी और फिर 2013 में वे महासमुंद जिले की बसना विधानसभा सीट से विधायक बनी थी। उसके बाद 2014 में वे पहली बार महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुई। उन्होंने पार्टी संगठन में भी कई महत्वपूर्ण दायत्वि का निर्वहन किया है। सांगठनिक क्षमता को देखते हुए ही उन्हें भाजपा महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। नितिन नवीन की इस नवीन टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी संगठन को मजबूती देने के साथ ही कुछ माह बाद होने जा रहे देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश और पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा को सफलता दिलाना है। नितिन नवीन ने अपने अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी को बंगाल और असम में शानदार जीत दिलाकर अपनी योग्यता का परिचय दे दिया था। उस समय तो उनके पास उनकी टीम भी नहीं थी। अब उन्होंने अपनी टीम बना ली है। इसलिए कुछ राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर होने की उम्मीद भाजपाई कर सकते हैं। वैसे तो नितिन नवीन ने अपनी टीम बनाई है और उनकी पसंद से ही पदाधिकारियों का चयन हुआ है। लेकिन इस नई टीम के गठन के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भी प्रभावी दखल रही है। जिसकी वजह से एक संतुलित टीम बन पाई है और यही टीम अब 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को सफलता दिलाने के लिए काम करेगी। इसमें वह कितनी कामयाब होती है यह आने वाला समय ही बेहतर बताएगा।

अंततः छात्रों के सामने झुकी सोरेन सरकार

नीट पेपरलीक मामले को लेकर नई दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के सामने जिस तरह केन्द्र सरकार झुकी थी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान को अपने पद से त्याग पत्र देने के लिए बाध्य होना पड़ा था ठीक उसी तरह झारखंड के आंदोलित छात्रों के सामने भी अंततः झारखंड की हेमन्त सोरेन सरकार को झुकना पड़ा और उसे जेएसएससी, सीजीएल और टीडीपीएल द्वारा की गई सभी परिक्षाओं और नियुक्तियों को रद्द करना पड़ा। निश्चित रूप से यह छात्र शक्ति की बड़ी जीत है जो पिछले 24 दिनों से राची में आंदोलनरत रहे हैं। हालांकि अभी भी छात्रों का यह आंदोलन जारी है क्योंकि अपनी सभी प्रमुख मांगे पूरी हो जाने के बावजूद वे इस मामले की सीबीआई जांच कराना की मांग पर अड़े हुए हैं। जबकि सोरेन सरकार सीआइडी से इसकी जांच करा रही है जिस पर आंदोलित छात्रों को भरोसा नहीं है। वे सीबीआई जांच चाहते हैं इसकी बदले सोरेन सरकार ने बीच का रास्ता निकालते हुए मामले की जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराने की घोषणा की है लेकिन इससे भी छात्र संतुष्ट नहीं है। बहरहाल झारखंड के छात्रों ने शांति और सालिनतापूर्वक आंदोलन करके सरकार को अपनी सभी प्रमुख मांगे मांगने पर विवश कर दिया अब सिर्फ सीबीआई जांच को लेकर पेंच फंसा हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि हेमंत सोरेन सरकार जिसने तीन दौर की बातचीत के बाद ओंदालित छात्रों की प्रमुख मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करके उन्हें मान लिया है। उसी तरह वे अब सीबीआई जांच की मांग पर भी गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे और जल्द ही छात्रों की इस मांग को भी पूरा कर देंगें। अब जबकि हाथी निकल चुका है तो सिर्फ पूंछ को लटकाये रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

आत्मनिर्भर चिकित्सा तकनीक : सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं और विकसित भारत की मजबूत नींव

जगत प्रकाश नड्डा

भारत ने पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार किया है। सरकारी और निजी क्षेत्र में अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जांच केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। यह सरकार की ऐसी नीतियों को दर्शाता है, जिनका केंद्र आम नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए काम किया है। इन लगातार किए गए प्रयासों का परिणाम है कि देश में लोगों द्वारा अपनी जेब से स्वास्थ्य सेवाओं पर किए जाने वाले खर्च में पिछले कुछ वर्षों में बड़ी कमी आई है। यह खर्च पहले 65 प्रतिशत तक था, जो अब घटकर 43 प्रतिशत रह गया है।

जिला अस्पताल में जन्म लेने वाले नवजात शिशु से लेकर बड़े अस्पताल में इलाज करा रहे कैंसर मरीज तक, आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में भरोसेमंद, अच्छी गुणवत्ता वाले और किफायती चिकित्सा उपकरण बेहद जरूरी हो गए हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर रही है। इसके लिए प्रयोगशालाओं को बेहतर बनाने, गंभीर मरीजों के इलाज की सुविधाएं बढ़ाने, बीमारियों की निगरानी व्यवस्था मजबूत करने और आपात स्थिति से निपटने की क्षमता बढ़ाने पर निवेश किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, अब जोर एक आत्मनिर्भर चिकित्सा तकनीक क्षेत्र तैयार करने पर है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और सस्ता, आसानी से उपलब्ध और किसी भी संकट के समय मजबूत बनाना है।

पहले ,भारत कई आधुनिक और जटिल चिकित्सा उपकरणों के लिए काफी हद तक दूसरे देशों से होने वाले आयात पर निर्भर था। इन तकनीकों से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तो हुआ, लेकिन इससे इलाज की लागत बढ़ी, आपूर्ति व्यवस्था पर बाहरी निर्भरता बनी रही और इन उपकरणों की पहुंच सीमित रही। इसी जरूरत को देखते हुए राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 में देश के भीतर आधुनिक चिकित्सा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसका उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों को सस्ता बनाना और जांच की लागत कम करना है। सरकार ने चिकित्सा उपकरणों के पूरे क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, चिकित्सा उपकरण पार्क और दवा एवं चिकित्सा तकनीक के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजना शामिल हैं। इन पहलों से देश में चिकित्सा उपकरणों के निर्माण, नए शोध, निवेश और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर माहौल तैयार हो रहा है। नतीजे उत्साह बढ़ाने वाले हैं। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत 50 से अधिक आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का देश में उत्पादन शुरू हो चुका है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है, जो वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। ये उपलब्धियां बताती हैं कि भारत धीरे-धीरे दुनिया के चिकित्सा तकनीक क्षेत्र में एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभर रहा है। सिर्फ चिकित्सा उपकरणों का निर्माण केंद्र बनने के अलावा, भारत तेजी से आधुनिक चिकित्सा तकनीकों को अपना भी रहा है, ताकि लोगों का जीवन बेहतर बनाया जा सके। आधुनिक जांच सुविधाओं, शरीर की अंदरूनी तस्वीर लेने वाली मशीनों, शरीर में लगाए जाने वाले चिकित्सा उपकरणों, गहन चिकित्सा की मशीनों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती दर पर उपलब्ध कराने से मरीजों पर इलाज का आर्थिक बोझ कम होता है। साथ ही इलाज की गुणवत्ता और समय पर इलाज मिलने में भी सुधार होता है। देश में ही चिकित्सा उपकरण बनने से विदेशों से आयात पर निर्भरता घटती है, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होती है और लागत कम करने के अवसर बढ़ते हैं।

भारत का विश्व स्तर पर पहचान बना चुका दवा उद्योग, मजबूत इंजीनियरिंग क्षमता, तेजी से फैलता डिजिटल ढांचा, तेजी से बढ़ता नए उद्यमों का क्षेत्र और कुशल मानव संसाधन अगली पीढ़ी की चिकित्सा तकनीक विकसित करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, चिकित्सा उपकरण के रूप में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर (एसएमडी) , इंटरनेट से जुड़े चिकित्सा उपकरण, रोबोट आधारित तकनीक और दूर से जांच जैसी नई तकनीकों में भारत के पास देश और दुनिया की स्वास्थ्य जरूरतों के लिए नए समाधान विकसित करने के बड़े अवसर हैं। जैसे-जैसे भारतीय कंपनियां दुनिया के बाजार में विस्तार कर रही हैं, गुणवत्ता भी भारत में बने चिकित्सा उपकरणों की सबसे बड़ी पहचान बनती जा रही है। सरकार नियामक व्यवस्था को मजबूत करने, मान्यता प्राप्त जांच सुविधाओं का विस्तार करने, चिकित्सा उपकरणों की प्रभावशीलता से जुड़े वैज्ञानिक प्रमाण तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवस्था विकसित करने पर जोर दे रही है। इससे मरीजों की सुरक्षा बढ़ेगी और वैश्विक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धा क्षमता भी मजबूत होगी। दुनिया के स्तर पर प्रतिस्पर्धी चिकित्सा तकनीक क्षेत्र तैयार करने के लिए सरकार, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा देने वालों, नए उद्यमों और निवेशकों के बीच करीबी सहयोग जरूरी है। जब प्रयोगशालाओं में तैयार विचार आसानी से कारखानों तक और वहां से मरीजों तक पहुंचते हैं, तभी नए आविष्कारों को वास्तविक लाभ में बदला जा सकता है। सरकार ऐसी स्थिर और पारदर्शी नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनसे शोध, निवेश, तकनीकी साझेदारी और कारोबार करना आसान हो। भारत जैसे-जैसे विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास एक-दूसरे को और मजबूत करेंगे। एक मजबूत चिकित्सा उपकरण उद्योग उच्च मूल्य वाले उत्पादन, कुशल रोजगार, निर्यात और तकनीकी क्षमता को बढ़ावा देगा। साथ ही इससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सस्ती, आसानी से उपलब्ध और किसी भी संकट के समय अधिक मजबूत बनेंगी। भारत का चिकित्सा तकनीक क्षेत्र एशिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है और दुनिया के शीर्ष 20 बाजारों में शामिल है। फिलहाल इसका आकार 15 से 16 अरब डॉलर है और यह करीब 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ रहा है। इस वजह से यह देश के सबसे तेजी से बढ़ते विनिर्माण क्षेत्रों में से एक बन गया है।

विकसित भारत का लक्ष्य गुणवत्ता, नए आविष्कार और सभी को साथ लेकर चलने के आधार पर दुनिया में नेतृत्व करने पर जोर देता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि नई चिकित्सा तकनीकें भारत की प्रमुख स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करें।

स्टील फ्रेम का पुनर्निर्माण : शासन करने से लेकर सेवा तक, समयबद्ध सुधारों का सिलसिला

डॉ. जितेंद्र सिंह

जब अंग्रेज 1947 में भारत छोड़कर वापस ब्रिटेन जाने लगे, तो वे एक मुहावरा अपने पीछे छोड़ गए : ÷स्टील फ्रेम÷। इसे वे भारतीय सिविल सेवा कहते थे, वह प्रशासनिक ढांचा जिसके जरिए ब्रिटिश राज अपनी हुकूमत चलाता था। स्टील आसानी से नहीं झुकता, और यही वास्तबविक बात थी। यह ढांचा एक साम्राज्य को स्थिर बनाए रखने के लिए बनाया गया था, न कि उन लोगों की बात सुनने के लिए जिन पर उसने शासन किया था। आजादी के बाद दशकों तक हमें वो फ्रेम विरासत में मिला। हमने उसे नया नाम दिया, उसे खादी का आवरण पहनाया और खुद को बताया कि अब यह हमारा अपना है। लेकिन नियंत्रण के लिए बनाया गया फ्रेम स्वखभाविक रूप से सेवा के लिए बनाया गया ढांचा नहीं है। और हमारे गणतंत्र के पहले कई दशकों तक, भारत अपने उपनिवेशक देश के ढांचे के अंदर ही बना रहा। एक ही फॉर्म को तीन प्रतियों में दाखिल करता रहा, उन्हीं ऊंची कुर्सियों के सामने कतारों में खड़ा होता रहा और अपने भाग्य के फैसले के लिए किसी ÷साहब÷ की प्रतीक्षा करता रहा।

मैंने अपने कामकाजी जीवन का अधिकांश समय इस ढांचे के अंदर बिताया है। पहले एक नागरिक के रूप में और एक प्रोफेशनल के रूप में, फिर भारत सरकार में कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन का प्रभार सौंपे गए मंत्री के रूप में, जिस विभाग का काम ही स्टील फ्रेम की जांच करना और यह पूछना है कि क्या फिर से तैयार करने की आवश्यकता है। इसलिए जब मुझसे पूछा जाता है कि क्या भारत ने अपनी नौकरशाही में सुधार किया है, तो मेरे उत्तर में न तो किसी संस्थान की रक्षा करने वाले व्यक्ति का ढाल बनना है, न ही किसी ऐसे व्यक्ति की निंदा है जिसने इसे छोड़ दिया है। यह एक ऐसे व्यक्ति का उत्तर है, जिसने एक ऐसी प्रणाली के बारह वर्षों के शांत लेकिन दृढ़ पुनर्निर्माण को अंदर से देखा है, जिसे स्वतंत्रता के बाद से सार्थक रूप से नहीं छुआ गया था। अगर श्री नरेन्द्र मोदी, जो अपनी पथ-प्रदर्शक सोच के लिए जाने जाते हैं, भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में पदभार नहीं संभालते तो शायद अब भी अछूता रह गया होता। विचार करें कि हमने कहां से शुरुआत की। 2014 में, केंद्र सरकार से एक नागरिक की शिकायत को अगर हल कर लिया गया, तो इसे करने में औसतन 157 दिन लगे। अगर शिकायत दर्ज कर भी ली गई, तो इसका मतलब देश भर में फैले मुश्किल से दस हजार शिकायत अधिकारियों के साथ एक प्रणाली की खोज करना था, जिनमें से अधिकांश तक पहुंच नहीं थी और वे सभी किसी भी वास्तविक समय सीमा के प्रति कोई जवाबदेह नहीं थे।

नौकरी के लिए सरकारी कार्यालय के बाहर कतार में खड़ा एक युवक, अपने पति की पेंशन फ़ाइल का पता लगा रही एक विधवा, यह जानने की कोशिश में लगा एक किसान कि उसके फसल बीमा दावे की फाइल किसी मंत्रालय की अलमारी में से क्यों गायब हो गई, इन सबके सामने एक ही स्थिति थी। उनका सामना नागरिकों को प्रतीक्षा कराने के लिए डिज़ाइन की गई एक सिस्टएम से और ऐसे अधिकारियों से था, जिनका किसी भी परिणाम के प्रति कोई उत्त रदायित्वह नहीं था। यह केवल अक्षमता नहीं थी। यह उस प्रशासन का अंतिम जीवित अवशेष था जिसका निर्माण समाधान उपलब्धत कराने के बजाय डराने के लिए किया गया था।

आज के साथ इसकी तुलना राय का विषय नहीं है; यह संख्याओं में वर्णित है। शिकायत निपटान का समय 157 दिन घटकर 15 दिन रह गया है। आज का हमारा सिस्टतम नौ गुना अधिक सालाना लगभग 3 लाख से बढ़कर 27 लाख शिकायतों का निवारण करता है। इन शिकायतों का निवारण करने वाले अधिकारियों की संख्या दस गुना से अधिक बढ़कर एक लाख तक पहुंच गई है। इस वर्ष मार्च में ही, केंद्रीय सचिवालय ने लगातार पैंतालीसवें महीने में एक लाख शिकायतों के निवारण के आंकड़े को पार कर लिया है। हमने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) का एक ऐसे प्लेकटफॉर्म में निर्माण किया है जो अब 22 भाषाओं में बोलता है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके एक नागरिक की शिकायत को सही डेस्क पर ले जाता है। यहां तक कि एक दूरस्थे गांव में एक किसान की आवाज में, उसकी अपनी भाषा में, एक चैटबॉट के माध्यम से शिकायत दर्ज करने में सक्षम बनाता है। काफी जानबूझकर, हमने इसका नाम समाधान दीदी अर्थात् 'समाधान करने वाली बहन' रखा था। जिस ग्रामीण को अपने काम के लिए कभी जिला कार्यालय की यात्रा करने की आवश्यकता होती थी और उम्मीद करनी होती थी कि उसका काम सरलता से हो जाए, वह अब अपनी पंचायत में एक सामान्य सेवा केंद्र से यह काम कर सकता है। हर महीने की बीस तारीख को सीएससी-सीपीजीआरएएमएस दिवस के रूप में निर्धारित किया जाता है ताकि यह वादा अंतिम मील तक पहुंच सके।

लेकिन वह गहरा परिवर्तन, जिसे मैं स्टील फ्रेम का सच्चा सुधार मानता हूं, वह डिजिटल प्लंबिंग नहीं है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बचपन में गाँव के घर के बाहर बैलगाड़ी पर बैठे गाड़ीवान को देखते थे, चारे की गठरी साथ, चेहरे पर सुकून। बैलगाड़ी की रफ्तार-सी जिंदगी, शहर की भागदौड़ से दूर, न चमक-दमक, न दिखावा, बस सादगी। अब बैलगाड़ी दीवार के सहारे खड़ी है, बैल बिक गए, गाड़ीवान भी चार पहियों वाला हो गया। सफर आज भी जारी है, बस रफ्तार बदल गई। अब कभी-कभी बैलगाड़ी पर यूँ ही बैठकर उस बीते समय को महसूस कर लेते हैं... कभी जिस धीमी चाल पर सुकून देखा था, आज वही सुकून चार पहियों पर दौड़ता दिखाई देता है। । – सीमा नागर

अक्सर फेसबुक पर मेरे आई डी में ऐसे वीडियो आते रहते हैं जिसमें तीन चार लोग टूटी रोड को बनाते नज़र आते हैं,रोड के किनारे उगी जंगल को साफकरते हैं,रोड पर पानी जमाव को ठीक करते नज़र आते हैं,टूटी हुई मंदिर बनाते हुए नज़र आते हैं,सरकार द्वारा लगाया गया हैंडपाइप के चारों तरफउगे झाड़-झंखाड़ को काटते नज़र आते हैं। ऐसे वीडियो को देख कर मन गद गद हो जाता है। – मधुबाला मौर्या

जिन खतों के पास पता नहीं था... वे सभी खत चौराहे पर टांग दिए गए... पूरे गांव, जिला, जनपद सबने खत पढ़ लिया... सिर्फउसने नहीं पढ़ा जिसके लिए लिखा गया था! काश! कि बिना पते के खतों के लिए भी, कोई जवाबी होता! तो हृदय के कोर का कागज, और अश्रुओं की स्याही जाया न होता! वैसे चौराहे पर वही खत टांगें जाते हैं जिनकी अनुमति इनबॉक्स में नहीं होती। – कुमुद अनुन्जया

मिटाने पर लगे हैं क्यूँ मुहब्बत दिलों में भर रहें हैं लोग नफ़रत उजाले कर रहे साज़िश मेरे घर अँधेरों से नहीं कोई शिकायत फ़रेबी हो गई है आज दुनिया नहीं हैं लोग अब राहे - सदाक़त लगाते झूट के बाज़ार हैं वो ठगी की हो गई जिनकी है आदत लगा है इश्क़ पर जबसे ये पहरा सिसकता आज हर दिल में है उल्फ़त समंदर प्यास से मर जाएगा अब नदी है दे रही कैसी नसीहत परिंदों का कतरता कौन पर है नई है चाल कोई और आफ़्त ग़ज़ल से दिल लगा है जबसे 'ऐनुल'नहीं है चाँद की अब मेरी चाहत।

– 'ऐनुल' बरौलवी

मैं तो काफी समय से लिख रही थी कि दिमागी नक्सलियों से भी निपटना होगा।मैं तो पहचान भी बता रही थीं लेकिन चलो अच्छा है सरकार को सुध आई।अब देखते हैं हर जगह जमे बैठे इन दिमागी नक्सलियों से सरकार निपटेगी कैसे? – दिव्या राकेश शर्मा

सब सही चल रहा था फिर राहुल जी नें मेलोनी वाला सुखी पड़ी लकड़ी ले लिया फिर राजमाता भी क्यों पीछे रही उन्होंने भी 15 अगस्त को पड़ी लकड़ी उठा लिया तमते दिमागी नक्सल वाला उड़ता तीर ले रहे है भक्त बस बालकनी मे बैठ तीर फेक रहे तमते ले रहे है। – अंबरदानी

देश के पर्व एक होते लेकिन मनाने के तरीके भिन्न,आइये हम सब मिल अपनी अपनी परंपरा व त्योहार मनाने का जिक्र करे आज नागपंचमी है आप सभी को बधाई,हमारे यहां खासकर मेरे घर मे,दीवार पे गोबर से या गुलाल से नाग जोड़े का स्केच कर पूजा करते है,जैसे सभी पूजा करते है,और साथ मे कॉपी किताब पढ़ाई लिखाई के उसकी पूजा करते है,और गली में सपेरे आये तो उसकी पूजा कर उसे दूध व पैसे जो बन पड़े देते है??अब आप सब बताये,आप सबको नागपंचमी पर्व की बधाई साथ ही हमारे शहर में ढोल नगाड़े, तलवार भाले लेकर युद्ध करते हुए अखाड़े में जाते वहां कुश्ती प्रतियोगिता होती है पहली तस्वीर चार साल पुरानी दूसरी तस्वीर आज की है। – शत्रुंजय तिवारी

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1493: मैक्सिमिलियन प्रथम ऑस्ट्रिया का राजकुमार बना। 1591: फ्रांसीसी राजा हेनरी चतुर्थ ने उत्तरी फ्रांस के शहर रोएन पर कब्जा किया। 1757: ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला एक रुपए का सिक्का कलकत्ता टकसाल में बना। 1796: ब्रिटेन के खिलाफ स्पेन और फ्रांस ने संधि की। 1812: अमेरिका के युद्धपोत ने ब्रिटेन के युद्धपोत गर्रियर को हराया। 1897: लंदन की सड़कों पर आम जनता के लिए पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी कैब सेवा शुरू की गई थी। 1918: भारत के 9वें राष्ट्रपति डॉक्टर डॉ शंकरदयाल शर्मा का जन्म हुआ। 1919: अफगानिस्तान ने ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी।1942: स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लगभग 40,000 से अधिक लोगों ने मिलकर उत्तर प्रदेश के बलिया को घेर लिया था और अंग्रेजों के होश उड़ा दिए थे।1960: सोवियत संघ ने स्पूतनिक-5 अंतरिक्ष यान के जरिए 'बेलका' और 'स्ट्रेलका' नाम के दो कुत्तों को अंतरिक्ष में भेजा था, जो अंतरिक्ष की कक्षा में रहकर सकुशल वापस लौटने वाले पहले जीव बने। 2004: दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेट कंपनी त्तश्शद्द्यद्ग ने आज ही अपने शेयर बाजार में उतारे थे।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिये सामान्य से अधिक शुभ रहेगा आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनायेगे आस पास वाले लोग उसके विपरीत राय देंगे।

वृषः आज का दिन खर्चीला साबित होगा घर अथवा कार्य क्षेत्र पर ना चाहते हुए भी आवश्यकता से अधिक खर्च करना पड़ेगा। लेकिन बाद में इससे शांति और संतोष भी अनुभव करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपको राहत प्रदान करेगा बुद्धि विवेक का विकास होगा समाज मे आपकी अलग पहचान बनेगी किसी से काम निकालना भी आसान होगा लेकिन घर का वातावरण इसके एक दम विपरीत रहेगा।

कर्कः आज का दिन प्रतिकूल रहेगा आज आपको वाणी और व्यवहार संयमित रखने की सलाह है। जिसे आप अपना हितैषी समझकर व्यक्तिगत सुख दुख में शामिल करेंगे।

सिंहः आज का दिन भाग दौड़ वाला रहेगा लेकिन परिश्रम का फल किसी न किसी रूप में शुभ ही मिलेगा। दिन के आरंभ से मन मे व्यवसाय वृद्धि को लेकर तरह तरह के विचार आएंगे। सेहत में संध्या बाद गिरावट आएगी।

कन्याः आज के दिन आप मध्यान तक किसी बहु प्रतीक्षित कार्यो को लेकर उलझन में रहेंगे स्वभाव में व्यवहारिकता थोड़ी कम रहेगी जिसके कारण अपने कार्य निकालने में परेशानी आएगी।

तुलाः आज के दिन आपका व्यवहार अन्य लोगो के प्रति लापरवाह रहेगा आज आप अपने मे ही मगन रहेंगे आवश्यक घरेलू कार्यो को भी बिना कलह के नही करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन विपरीत फलदायी रहेगा जल्दबाजी में कोई कार्य ना करें अन्यथा हानि निश्चित है। नौकरी पेशाओ को आकस्मिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

धनुः आज के दिन आपका सार्वजनिक जीवन बेहतर बनेगा लेकिन दिखावे की मानसिकता रहने के कारण आवश्यकता से अधिक खर्च करेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा आज आपको घर एवं बाहर अन्य दिनों की तुलना में कम परिश्रम करना पड़ेगा धन की आमद तो आज अनिश्चित रहेगी लेकिन सार्वजिनक क्षेत्र पर मान सम्मान में वृद्धि अवश्य होगी।

कुंभः आज का दिन बीते कल से ठीक रहेगा। मन आध्यात्मिक कार्यो में रुचि लेगा कार्य करते हुए भी मन ही मन धार्मिक विचार चलते रहेंगे।

मीनः आज के दिन आपका गुस्सा आस पास रहने वालों को सहज नही बैठने देगा। सेहत में कोई न कोई समस्या बनी रहेगी।

QUIZ TIME

1. कृत्रिम उपग्रह में विद्युत ऊर्जा का स्रोत क्या होता है?
2. किस भी भारतीय बैंक द्वारा कतर में पहली शाखा स्थापित की गई है?
3. मुलगाओ केलबाई पेठ उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
4. किस तोमर शासक को दिल्ली शहर को स्थापित करने का श्रेय प्राप्त है?
5. हाल ही में पारंपरिक मार्शल आर्ट्स के लिए पद्म श्री से सम्मानित के पजनिवेल किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से हैं?

उत्तरमाला- 1 सौर ऊर्जा | 2 आई.सी.आई.सी.आई | 3 गोवा | 4 अनंगपाल | 5 पुडुचेरी

RamaQuiz

कार्टून

वर्षा ऋतु की मनोहारी छटा से सजेगा 'पावस प्रसंग', शास्त्रीय नृत्य-संगीत की प्रस्तुतियां 21 से 25 अगस्त तक

संस्कृति विभाग का आयोजन, चार दिवस होगा विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुक्ताकाशी मंच पर सजेगी कला और संगीत की सुरमयी शाम

रायपुर/नवप्रदेश। संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कला, संस्कृति और शास्त्रीय परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'विभागीय आयोजन 2026' की श्रृंखला के अंतर्गत विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम 'पावस प्रसंग' का आयोजन किया जा रहा है। वर्षा ऋतु की सौंदर्यपूर्ण अनुभूतियों और भारतीय शास्त्रीय कला परंपरा को केंद्र में रखकर आयोजित यह कार्यक्रम 21, 22, 24 एवं 25 अगस्त को रायपुर के मुक्ताकाशी मंच, महंत घासीदास संग्रहालय परिसर, सिविल लाइंस में आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा।

'संस्कृति और कला प्रेमियों से सहभागिता का आह्वान'

संस्कृति विभाग ने कला एवं संस्कृति प्रेमियों से 'पावस प्रसंग' में सहभागी बनने का आह्वान किया है। चार दिनों तक आयोजित होने वाला यह सांस्कृतिक आयोजन रायपुर में वर्षा ऋतु की प्राकृतिक अनुभूति को भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की सौंदर्यपूर्ण अभिव्यक्ति से जोड़ते हुए कला प्रेमियों के लिए यादगार अनुभव प्रस्तुत करेगा।

'पावस प्रसंग' में वर्षा ऋतु की प्राकृतिक सुंदरता, उमंग, उल्लास और संवेदनाओं को शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाएगा। भारतीय कला परंपरा में वर्षा ऋतु का विशेष महत्व रहा है। बादलों की गड़गड़ाहट, वर्षा की रिमझिम, प्रकृति में नवजीवन का संचार और मन में जागृत होने वाले विविध भावों को कलाकार अपनी नृत्य मुद्राओं, भावाभिव्यक्ति और सुरों के माध्यम से जीवंत करते हैं। इसी समृद्ध सांस्कृतिक भावभूमि को 'पावस प्रसंग' के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

संस्कृति विभाग की इस पहल का उद्देश्य शास्त्रीय कला विधाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही आमजन को उच्चस्तरीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जोड़ना है। मुक्ताकाशी मंच का वातावरण इन प्रस्तुतियों को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा, जहां दर्शक भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की मनोहारी प्रस्तुतियों का आनंद ले सकेंगे। 'पावस प्रसंग' वर्षा ऋतु की सांस्कृतिक और कलात्मक अनुभूति को केंद्र में रखकर आयोजित होने वाला विशेष आयोजन है। इसमें प्रकृति और मानवीय भावनाओं के बीच के गहरे संबंध को कला के माध्यम से सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। शास्त्रीय नृत्य की भावपूर्ण मुद्राओं और संगीत की मधुर स्वर-लहरियों के माध्यम से वर्षा के विभिन्न रंगों और संवेदनाओं को प्रस्तुत किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित की जा रही विभागीय आयोजनों की श्रृंखला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित देश की समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक परंपराओं को मंच प्रदान करना तथा कलाकारों और दर्शकों के बीच जीवंत सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में 'पावस प्रसंग' शास्त्रीय कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

न्यूज गैलरी

सेवा सेतु से राजकुमार टोप्पो को मिला समय पर आय प्रमाण पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार की योजनाएं, जब जरूरतमंदों तक आसानी से पहुंचती हैं, तो बदलाव सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि लोगों के जीवन में दिखाई देता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल एवं सहज तरीके से पहुंचाने की दिशा में 'सेवा सेतु' महत्वपूर्ण कड़ी बन रहा है। कोरबा जिले के ग्राम अरसेना, तहसील अजगरबहार निवासी राजकुमार टोप्पो को अपने आवश्यक कार्य के लिए आय प्रमाण पत्र की जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सेवा सेतु केंद्र पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना आवेदन प्रस्तुत किया। सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से उनके आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई की गई और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उन्हें आय प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया गया। समय पर प्रमाण पत्र प्राप्त होने से टोप्पो का जरूरी कार्य आसानी से पूरा हो सका। टोप्पो ने बताया कि सेवा सेतु केंद्र में आवेदन की प्रक्रिया सरल रही और उन्हें प्रमाण पत्र के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। निर्धारित समय में सेवा मिलने से उन्हें काफी सुविधा हुई। उन्होंने कहा कि शासन की ऐसी पहल से आम नागरिकों को शासकीय सेवाएं सहज, सरल और समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो रही हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'सेवा सेतु' जैसी पहल शासन और नागरिकों के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

भवन खरीदने से पहले पंजीयन, विकास अनुमति और स्वीकृत ले-आउट जरूर जांचें

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय क्षेत्रों में अवैध कालोनियों के निर्माण पर प्रभावी रोक लगाने और नागरिकों के हितों की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बन्धन तथा शर्तें) नियम, 1998 में आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। अधिनियम की धारा 339-क के तहत नगरपालिका परिषद अथवा नगर पंचायत क्षेत्र में भूमि को भूखण्डों में विभाजित कर कालोनी विकसित करने वाले व्यक्ति का कालोनाइजर के रूप में पंजीयन अनिवार्य है। इसी प्रकार भवन अथवा अपार्टमेंट का निर्माण कर उसका विक्रय या अंतरण करने वाले भवन निर्माता के लिए भी पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

अवैध व्यपवर्तन अथवा अवैध कालोनी निर्माण के मामलों में अधिनियम की धारा 339-ग के तहत तीन से सात वर्ष तक के कारावास तथा न्यूनतम एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा न्यायालय द्वारा प्रतिकर राशि का भुगतान करने का आदेश भी दिया जा सकता है। नियमों के अनुसार कालोनाइजर का पंजीयन प्रमाण-पत्र पांच वर्ष के लिए वैध होता है। प्रत्येक कालोनी के विकास कार्य और भूखण्डों के विक्रय के लिए सक्षम प्राधिकारी से पृथक विकास अनुमति लेना आवश्यक है। आवासीय कालोनियों में कुल भूमि का 15 प्रतिशत क्षेत्र आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित रखना अनिवार्य है। साथ ही निर्धारित भूखण्डों को विकास कार्य पूर्ण होने तक नगरपालिका के पास बंधक रखना होता है।

सूरजपुर जिला प्रशासन ने कालोनाइजरों एवं भवन निर्माताओं से सभी निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है। प्रशासन ने नागरिकों से भी आग्रह किया है कि भूखण्ड या भवन खरीदने से पहले संबंधित नगरीय निकाय से कालोनाइजर का पंजीयन, विकास अनुमति, स्वीकृत ले-आउट तथा भूखण्ड की बंधक स्थिति की अनिवार्य रूप से जांच करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों की जागरूकता और दस्तावेजों की पूर्व जांच से अवैध कालोनियों एवं अनधिकृत निर्माण से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचा जा सकता है।

बारिश में जहां टपकती थी छत, अब वहीं खिल रहे हैं बचपन के सपने

■ विकसित भारत जी-राम-जी से मसीरा को मिला नया आंगनबाड़ी भवन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ बच्चों के सुरक्षित और बेहतर भविष्य की नींव मजबूत हो रही है। इसी बदलाव की एक प्रेरक तस्वीर सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड के ग्राम पंचायत मसीरा में देखने को मिल रही है, जहां विकसित भारत जी-राम-जी योजना के माध्यम से निर्मित नए आंगनबाड़ी भवन ने नौनिहालों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और सीखने के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया है। कभी कच्चे मकान में संचालित होने वाला आंगनबाड़ी केंद्र अब पक्के भवन में बच्चों की खिलखिलाहट और सीखने की गतिविधियों से गुलजार है।

मसीरा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हीरामणी राजवाड़े बताती हैं कि पहले आंगनबाड़ी केंद्र कच्चे मकान में संचालित होता था। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकने के कारण बच्चों को बैठाने और शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने में परेशानी होती थी। इससे अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती थी।

आंगनबाड़ी केंद्र की इस समस्या को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने ग्राम पंचायत के सरपंच बुधराम सिंह के समक्ष नए आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता रखी। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर प्रशासन को भेजा गया। कलेक्टर रेना जमील के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित पहल करते हुए विकसित भारत जी-राम-जी योजना के तहत नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया।

सुरक्षित आंगनबाड़ी भवन से बढ़ा बच्चों और अभिभावकों का भरोसा

नए आंगनबाड़ी भवन के निर्माण के बाद आंगनबाड़ी केंद्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। अब बच्चों को बारिश, धूप और मौसम की अन्य परेशानियों से सुरक्षित वातावरण मिल रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत है और अभिभावकों का भरोसा भी बढ़ा है।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ खेल-खेल में सीखने की गतिविधियां कराई जा रही हैं। साथ ही पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने के साथ बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं।

मसीरा का नया आंगनबाड़ी भवन इस बात का उदाहरण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से बच्चों के विकास और अभिभावकों के विश्वास पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नया आंगनबाड़ी भवन न केवल आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन को सुगम बना रहा है, बल्कि नौनिहालों को सीखने, खेलने और स्वस्थ वातावरण में आगे बढ़ने का अवसर भी दे रहा है।

आईसीएसआई रायपुर चैप्टर ने मनाया 28वां स्थापना दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के रायपुर चैप्टर ने 16 अगस्त 2026 को हयात रायपुर में अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कॉर्पोरेट और तकनीक-संचालित परिवेश में कंपनी सेक्रेटरीज की बदलती भूमिका पर केंद्रित एक फुल-डे सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के आयकर आयुक्त श्री ऋतुपर्ण नामदेव ने शिरकत की। उनके साथ मंच पर आईसीएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएस पवन जी चांडक, आईसीएसआई के केंद्रीय परिषद सदस्य सीएस आशीष कड़ोदिया, डब्लूआईआरसी-आईसीएसआई के चेयरमैन सीएस योगेश चौधरी, आईसीएसआई रायपुर चैप्टर के चेयरमैन सीएस वैभव मोहदीवाले और आईसीएसआई रायपुर चैप्टर की सचिव सीएस रिया थौरानी उपस्थित रहीं।

"फ्रॉम विजन टू लिस्टिंग" विषय पर आयोजित पहला तकनीकी सत्र सीएस शिखा राय और सीएफए मनीष बंसल द्वारा संचालित किया गया। इस सत्र में आईपीओ की तैयारियों, वैल्यूएशन, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, विनियामक अनुपालनों (रेगुलेटरी कंप्लायंस) और एक विकासशील उद्यम से सूचीबद्ध (लिस्टेड) कंपनी बनने तक के सफर में कंपनी सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

एआई युग में कंपनी सेक्रेटरीज" विषय पर दूसरा सत्र सीएस अंशुल कुमार जैन द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने कॉर्पोरेट अनुपालन और गवर्नेंस पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव तथा कंपनी सचिवों की निरंतर बदलती और उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

प्रेस से बातचीत के दौरान, आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस पवन जी चांडक ने सदस्यों, छात्रों और इस पेशे के लाभ के लिए संस्थान द्वारा शुरू की जा रही विभिन्न नई पहलों की जानकारी दी। उन्होंने पेशेवर क्षमताओं को मजबूत करने, नई तकनीकों को अपनाने और बदलते कॉर्पोरेट परिवेश के लिए कंपनी सचिवों को तैयार करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

मुन्नी बाई के घर पहुंचा नल का जल, आसान हुआ जीवन

■ जल जीवन मिशन ने गांव में साकार किया स्वच्छ पानी का सपना

रायपुर/नवप्रदेश। कभी स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के लिए लंबी दूरी तय करना, कुएं और हैंडपंप से पानी भरकर घर तक लाना और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए घंटों समय खर्च करना ग्राम रेंद की मुन्नी बाई के जीवन का हिस्सा था। पानी की व्यवस्था में लगने वाला समय और मेहनत उनके दैनिक जीवन को कठिन बना देता था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। जल जीवन मिशन के तहत ÷हर घर नल से जल÷ की सुविधा पहुंचने के बाद मुन्नी बाई के घर में न केवल पानी पहुंचा है, बल्कि उनके जीवन में सुविधा, स्वच्छता और उम्मीद की नई शुरुआत हुई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम पंचायत भगवानपुर, विकासखंड भरतपुर में ग्रामीण

परिवारों को घर-घर नल कनेक्शन के जरिए पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसी पहल का लाभ ग्राम रेंद की निवासी मुन्नी बाई को भी मिला है। मुन्नी बाई बताती हैं कि पहले घर की रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी जुटाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक था। स्वच्छ पानी के लिए उन्हें घर से दूर स्थित कुएं और हैंडपंप तक जाना पड़ता था। पानी भरने के बाद उसे घर तक लाने में काफी समय और श्रम लगता था। गर्मी के दिनों में यह परेशानी और भी बढ़ जाती थी। घर के जरूरी कामों के बीच पानी लाने में लगने वाला अतिरिक्त समय उनके लिए कठिनाई का कारण बनता था।

जांजगीर के शासकीय टीसीएल कॉलेज में मनाया गया 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'

■ विद्यार्थियों ने लिया राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। देश के बंटवारे के दौरान नफरत और हिंसा की वजह से लाखों लोगों ने संघर्ष किया और बलिदान दिया। उन्हीं की याद में आज 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया गया। शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जांजगीर में 'भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' का भावपूर्ण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्ष 1947 में भारत के विभाजन के दौरान विस्थापन, अमानवीय हिंसा और असीम पीड़ा झेलने वाले लाखों निर्दोष लोगों की स्मृति को नमन करना तथा युवा पीढ़ी को इस ऐतिहासिक घटना के मानवीय पहलुओं से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. आर. लहरे ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, राष्ट्रीय सेवा योजना (हृस्स्) के स्वयंसेवकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा विभाजन की त्रासदी से प्रभावित परिवारों के अभूतपूर्व संघर्षों को याद किया।

राष्ट्रीय एकजुटता की नींव को और अधिक मजबूत बनाना है

युवाओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एम. एल. पाटले ने कहा कि इतिहास के ऐसे त्रासद और कठिन अध्यायों को स्मरण करने का मूल उद्देश्य समाज में विद्वेष फैलाना नहीं, बल्कि आपसी सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रीय एकजुटता की नींव को और अधिक मजबूत बनाना है।

देश की संप्रभुता, अखंडता, सामाजिक सौहार्द को सदैव अक्षुण्ण रखने के सामूहिक संकल्प लिया गया

कार्यक्रम का समापन देश की संप्रभुता, अखंडता, सामाजिक सौहार्द और परस्पर प्रेम की भावना को सदैव अक्षुण्ण रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को भारत विभाजन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं और उसके दूरगामी सामाजिक- मानवीय प्रभावों से विस्तार से परिचित कराया गया। इस गरिमामय आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. के. सिंह, कार्यक्रम अधिकारी आर. के. चंद्रा एवं डॉ. पुष्पा सिंह उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

■ चयनित कलाकारों को मिलेंगे प्रतिवर्ष 12 से 24 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और कलाकारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय द्वारा मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2026 के अंतर्गत प्रदेश के लोक कलाकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। योजना का उद्देश्य पारंपरिक लोक कलाओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना, कलाकारों का सम्मान बढ़ाना तथा कला दलों के सतत विकास को नई गति प्रदान करना है।

योजना के अंतर्गत नृत्य-संगीत, लोक नाट्य, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ी गीतकार, वाद्ययंत्र वादक, शिल्प कलाकार, छत्तीसगढ़ी पाक कला (पारंपरिक व्यंजन) तथा छत्तीसगढ़ी सौंदर्यकला (श्रृंगार) से जुड़े कलाकार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रारूप में पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे। आवेदन प्रपत्र विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं तथा संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय, नया रायपुर स्थित कार्यालय से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

योजना के तहत पात्र कलाकारों का चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य होगा। चयनित कलाकारों को प्रतिवर्ष न्यूनतम 12 हजार रुपये से अधिकतम 24 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि ई-पेमेंट के माध्यम से प्रदान की जाएगी। यह राशि एक वित्तीय वर्ष में एक बार प्रदान की जाएगी।

योजना का लाभ केवल ऐसे कलाकारों को मिलेगा जिनकी सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 96 हजार रुपये से अधिक नहीं है। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ बैंक खाते का विवरण, आईएफएससी कोड तथा पैन कार्ड की छायाप्रति भी प्रस्तुत करनी होगीप्रविष्टियां प्राप्त होने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन भेजते समय लिफाफे पर मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना-2026 स्पष्ट रूप से अंकित करना आवश्यक होगा। प्राप्त प्रविष्टियों का परीक्षण समिति द्वारा किया जाएगा तथा समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना प्रदेश की समृद्ध लोक कला परंपराओं के संरक्षण, कलाकारों के सम्मान और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से लोक कलाकारों को न केवल आर्थिक सहयोग मिलेगा, बल्कि अपनी कला को व्यापक पहचान दिलाने और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर भी प्राप्त होगा।

प्रविष्टियां भेजने का पता

संचालक, संस्कृति एवं
राजभाषा संचालनालय,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,
व्यावसायिक परिसर,
द्वितीय तल, सेक्टर-27, नया
रायपुर, अटल नगर
(छत्तीसगढ़) - 492018

दंत चिकित्सा महाविद्यालय में 'साइबर सुरक्षा जागरुकता' कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पुलिस द्वारा 'साइबर सुरक्षा जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ को साइबर क्राइम मुक्त बनाने के संकल्प के साथ, आज रायपुर स्थित शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पुलिस अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं और इंटर्न्स के लिए एक विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे देश के सबसे अनोखे और इनोवेटिव ÷साइबर जागृति अभियान÷ के तहत आयोजित किया गया।

प्रदेशवासियों को साइबर क्राइम के विरुद्ध सुरक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से, छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक पूरे प्रदेश में 07 सप्ताह का ÷साइबर जागृति अभियान÷ चलाया जा रहा है। अभियान के तय कार्यक्रम के अनुसार, पहले सप्ताह में डिजिटल सतर्कता और बुनियादी सुरक्षा के लिए स्कूल और कॉलेजों में अभियान चलाया जा रहा है।

स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, दोनों हाथों से दिव्यांग जगन्नाथ को मिला रोजगार

पखांजूर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस पर पखांजूर क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मुख्य समारोह में विधायक विक्रम सिंह की मौजूदगी में शान से तिरंगा लहराया गया। राष्ट्रगान के बीच स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूली बच्चों ने आकर्षक मार्च पास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

समारोह में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अनुशासन और उत्साह के साथ मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति का जोश भर दिया। ध्वजारोहण के बाद स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

समारोह का सबसे प्रेरणादायी क्षण उस समय आया, जब दोनों हाथों से दिव्यांग जगन्नाथ देवनाथ, पीवी-34 को सूर्यगढ़ माइंस में रोजगार प्रदान किया गया। सूर्यगढ़ माइंस के प्रबंधक रमेश दलैत तथा माइंस के अधिकारियों और कर्मचारियों की पहल से जगन्नाथ को नौकरी का अवसर मिला। कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह, सूर्यगढ़ माइंस के प्रबंधक रमेश दलैत, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा, उपाध्यक्ष शंकर सरकार, लभाजपा मंडल अध्यक्ष दीपंकर राय,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा सहित माइंस के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

आत्मनिर्भर बनने का जज्बा

दोनों हाथों से दिव्यांग होने के बावजूद जगन्नाथ आत्मनिर्भर बनने का जज्बा रखते हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोजगार मिलना उनके लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीवन जीने और अपने पैरों पर खड़े होने की नई शुरुआत है।

इस पहल की समारोह में मौजूद लोगों ने सराहना करते हुए इसे सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की मिसाल बताया।

आत्मनिर्भरता की नई रोशनी

स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे की शान के साथ जगन्नाथ देवनाथ के जीवन में आत्मनिर्भरता की नई रोशनी आई। दिव्यांगता उनके हौसले के सामने बाधा नहीं बन सकी। सूर्यगढ़ माइंस में मिला रोजगार उनके संघर्ष को सम्मान और भविष्य को नई दिशा देने वाला कदम साबित हुआ।

जंगल में बाघ का आतंक ग्रामीण की मौत से दहशत

पखांजुर/जारावंडी। नव प्रदेश। महाराष्ट्र सीमा से लगे जारावंडी वन परिक्षेत्र के ग्राम दोलंदा के जंगल में बाघ के हमले में एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई। हमले के बाद बाघ ग्रामीण के शव का काफी हिस्सा खा गया। घटना की जानकारी सामने आने के बाद सीमावर्ती गांवों में दहशत का माहौल है।

मृतक की पहचान हरी बोहरण वडडे, निवासी ग्राम दोलंदा, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि जारावंडी वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ समय से बाघ की सक्रियता बढ़ी है। बाघ द्वारा लगातार बैल,बकरी सहित पालतू मवेशियों का शिकार किए जाने से ग्रामीण पहले से ही परेशान हैं। अब ग्रामीण की मौत की घटना ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि जंगल क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी के कारण वे अपने मवेशियों को लेकर भी भयभीत हैं। आए दिन मवेशियों के शिकार से ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वहीं मानव पर हमले की घटना के बाद लोगों में भय और गहरा गया है।

सीमावर्ती गांवों में सतर्कता जरूरी

वन क्षेत्र से लगे छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती ग्रामीणों को जंगल की ओर अकेले जाने से बचने और विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। वन विभाग से बाघ की निगरानी बढ़ाने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की जा रही है।

कांवड़ियों के चरण पखारकर महापौर संजय पांडे ने जताई आस्था

जगदलपुर/नवप्रदेश। सावन मास के पावन अवसर पर सोमवार को रामपाल मंदिर की ओर निकली भव्य कांवड़ यात्रा में गोरिया बहार नाला के समीप श्रद्धा और सेवा की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। महापौर संजय पांडे ने यहां पहुंचकर कांवड़ियों का स्वागत किया और उनके चरण पखारकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कांवड़ियों से आशीर्वाद लेते हुए भगवान भोलेनाथ से बस्तरवासियों की सुख-समृद्धि और क्षेत्र में शांति की कामना की।

कांवड़ियों के चरण पखारने और उनकी सेवा के दौरान पूरा माहौल शिवभक्ति से सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जयघोष करते हुए रामपाल मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। महापौर के सेवा भाव ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा और उनके चरण पखारने का अवसर उनके लिए श्रद्धा के साथ-साथ सौभाग्य का विषय है। रामपाल क्षेत्र को धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम वनवास काल के दौरान बस्तर के इस अंचल से होकर गुजरे थे और इसी दौरान उन्होंने यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी धार्मिक मान्यता के कारण रामपाल लंबे समय से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

बस्तर में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण कायम रहे

महापौर संजय पांडे ने कहा कि भगवान भोलेनाथ और प्रभु श्रीराम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा बस्तर में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण कायम रहे। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही,लक्ष्मण झा,श्याम सुंदर बघेल,सैलीन जैदू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

महतारी वंदन योजना में 1,000 देकर बिजली बिल के जरिए हो रही वसूली : राजेश चौधरी

स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

- स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल में काफी वृद्धि हुई
- बिजली बिल में वृद्धि से आम आदमी पर बढ़ा बोझ, जनता परेशान

जगदलपुर/नवप्रदेश। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में कथित बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

नगर निगम जगदलपुर के नेता प्रतिपक्ष एवं माता संतोषी वार्ड के पार्षद राजेश चौधरी ने कहा कि स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे फॉर्म भरने के अभियान को वार्डवासियों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। अभियान के दौरान लोगों ने बिजली बिल बढ़ने की शिकायतें सामने रखी हैं।

राजेश चौधरी ने कहा कि कई परिवारों ने बताया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल में काफी वृद्धि हुई है। जिन परिवारों का बिल पहले करीब 200 से 300 रुपये आता था, उनके बिल अब 1800 से 2000 रुपये तक पहुंचने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि बिजली खर्च में इस तरह की बढ़ोतरी से सीधे तौर पर परिवारों के घरेलू बजट पर असर पड़ रहा है।

जनता से जुड़े मुद्दे पर कांग्रेस का अभियान

स्मार्ट मीटर और बढ़े बिजली बिलों को लेकर कांग्रेस का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। पार्टी ने सरकार से बिलों की पारदर्शी जांच, अनावश्यक बढ़ोतरी की स्थिति में सुधार और प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि आम जनता से जुड़े इस मुद्दे को लेकर उसका अभियान आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये देने की बात करती है,वहीं दूसरी ओर बढ़े हुए बिजली बिलों के कारण परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। खाद्य सामग्री, खाद्य तेल,रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल सहित आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली बिलों में वृद्धि की शिकायतों ने आम लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

असामान्य बिलों की जांच और उपभोक्ताओं को राहत की मांग

राजेश चौधरी ने सरकार से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की पारदर्शी जांच कराने तथा असामान्य रूप से बढ़े बिजली बिलों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में अनावश्यक बढ़ोतरी पाई जाए,उनकी जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस के फॉर्म भरने के अभियान में लोग स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं,जो इस मुद्दे को लेकर उनकी चिंता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आने वाले दिनों में अभियान को और व्यापक रूप देगी तथा उपभोक्ताओं की आवाज मजबूती से उठाती रहेगी।

पितृ पक्ष में गणपति विसर्जन रोकने की मांग, सक्षम ने सौंपा ज्ञापन

- धार्मिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने प्रशासन से पूर्व व्यवस्था और दिशा-निर्देश जारी करने की मांग

जगदलपुर/नवप्रदेश। पितृ पक्ष की धार्मिक एवं आध्यात्मिक मर्यादा बनाए रखने तथा इस अवधि में गणपति विसर्जन की स्थिति से बचने की मांग को लेकर सक्षम सनातन क्षेत्रीय मंच ने नगर पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने प्रशासन से गणपति उत्सव समितियों के साथ समय रहते समन्वय कर विसर्जन की तिथियों और धार्मिक परंपराओं के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

ज्ञापन नगर अध्यक्ष दिलीश जोशी ने सौंपते हुए कहा कि डीजे, जुलूस अथवा अन्य व्यवस्थागत सुविधाओं के अभाव में गणपति विसर्जन की तिथि आगे बढ़कर पितृ पक्ष तक नहीं पहुंचनी चाहिए। इसके लिए प्रशासन द्वारा पहले से पर्याप्त सुरक्षा, यातायात और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

संगठन ने कहा कि सनातन परंपरा में पितृ पक्ष पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण का महत्वपूर्ण काल है। इस दौरान श्राद्ध,तर्पण,पिंडदान सहित विभिन्न धार्मिक कृत्य किए जाते हैं। ऐसे में पितृ पक्ष की मर्यादा और धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना आवश्यक है। सक्षम ने स्पष्ट किया कि संगठन भगवान श्री गणेश की आराधना अथवा गणपति उत्सव के विरोध में नहीं है। उसकी मांग केवल इतनी है कि गणपति स्थापना से विसर्जन तक की धार्मिक प्रक्रिया पंचांग और सनातन परंपराओं के अनुरूप हो।

नौकरी का झांसा देकर 9 लाख रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के खिलाफपहले से सात मामले दर्ज

जगदलपुर/नवप्रदेश। होमगार्ड और वन विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर पांच लोगों से कुल 8.95 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में ठगी और मारपीट सहित सात मामलों में अपराधी रह चुका है।

मावलीगुड़ा निवासी नीरबत्ती कश्यप की शिकायत के अनुसार आड़ावाल निवासी कृष्ण कुमार वैष्णव ने होमगार्ड एवं वन विभाग में अपनी अच्छी पहचान होने का हवाला देकर नौकरी लगाने का भरोसा दिलाया। विश्वास में लेने के लिए वह वर्दी भी दिखाता था। आरोपी ने नीरबत्ती कश्यप से 1.50 लाख, परमेश्वर नेताम से 2.05 लाख, सरिता बघेल से 3.92 लाख और सोनधर कश्यप से 70 हजार रुपए फोनपे एवं नगद के माध्यम से लिए। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ितों ने संपर्क किया तो आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हो गया।

घर से पकड़ा, पूछताछ में कबूल किया जुर्म

शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आड़ावाल स्थित उसके घर से कृष्ण कुमार वैष्णव को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने रकम लेना स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 14 अगस्त को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर,उप निरीक्षक छबील तांडेकर,प्रधान आरक्षक विनोद चांदने,राजपूत तथा आरक्षक रंगलाल खरे,त्रिनाथ कश्यप और तामेश्वर चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में की गई।

डिजनी पब्लिक स्कूल चारामा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। दिजनी पब्लिक स्कूल चारामा में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमति राबिया अब्बास खान (अध्यक्ष स्कूल प्रबंधन समिति) के द्वारा नई स्कूल बिल्डिंग चाराभाठा में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् अतिथियों द्वारा उद्बोधन किया गया एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चे एवं समस्त पालकगण तथा स्थानीय ग्रामवासियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विगत सत्र 2025-26 में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को समिति के पदाधिकारीगण द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्री ए.आर. निषाद द्वारा बच्चों को भारतीय स्वतंत्रता दिवस के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुए उन्हें देश के प्रति समर्पित होने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव महेश भोजवानी, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र मेहता, सह-सचिव जैबून खान, सदस्य श्री थानेन्द्र वर्मा, सदस्य केसरी देवांगन सहित अन्य सभी माननीय सदस्यों की गरीमामयी उपस्थिति रही।

भूपालेश्वर महादेव के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब

- सांसद महेश कश्यप ने परिवार संग किया जलाभिषेक, श्रद्धालुओं के लिए विशेष मोटरबोट सेवा बनी सहारा

जगदलपुर/नवप्रदेश। सावन माह के तृतीय सोमवार को ऐतिहासिक दलपत सागर के मध्य स्थित प्राचीन भूपालेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हजारों शिवभक्त मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से पूरा दलपत सागर परिसर शिवमय हो उठा। इसी अवसर पर बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए सांसद महेश कश्यप की पहल पर सुबह से दोपहर तक विशेष मोटरबोट सेवा संचालित की गई। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दलपत सागर के मध्य स्थित मंदिर तक पहुंचे। सावन प्रारंभ होने पर श्रद्धालुओं और गौसेवकों की मांग को देखते हुए सावन के प्रत्येक सोमवार को यह सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई थी। मोटरबोट सेवा मिलने से श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया और मंदिर पहुंचने वालों की संख्या भी बढ़ी।

धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भूपालेश्वर महादेव मंदिर बस्तर की धार्मिक,सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐतिहासिक मान्यता के अनुसार दलपत सागर का निर्माण काकतीय शासक दलपत देव ने कराया था, जबकि इसके मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण काकतीय शासक भूपालदेव ने कराया था। शिवलिंग की स्थापना के कारण यह मंदिर भूपालेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि दलपत सागर को ऐतिहासिक रूप से भूपालताल भी कहा जाता है और यह जलाशय तथा मंदिर बस्तर की समृद्ध विरासत और धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं। सांसद ने कहा कि सामान्य दिनों में मंदिर तक श्रद्धालुओं की पहुंच सीमित रहती है। सावन में भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था को देखते हुए मोटरबोट सेवा शुरू करने का उद्देश्य इस प्राचीन धार्मिक धरोहर को अधिक से अधिक लोगों के लिए सुलभ बनाना है।

विशेष मोटरबोट सेवा से शिवभक्त पहुंचे मंदिर

सुबह से दलपत सागर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। मोटरबोट से शिवभक्त मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की। 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। परिवार के साथ पहुंचे सांसद महेश कश्यप ने भी पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

सीएचसी दुर्गूकोंदल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की मांग

भीम आर्मी ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, सोनोग्राफी, विशेषज्ञ डॉक्टर, ऑपरेशन थिएटर और ब्लड बैंक सुविधा की मांग

कांकेर/दुर्गूकोंदल/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला कांकेर एवं ब्लॉक दुर्गूकोंदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार दुर्गूकोंदल को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने क्षेत्र की बड़ी ग्रामीण आबादी को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल में आवश्यक संसाधन, चिकित्सक, स्टाफऔर चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की।

भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल आसपास के करीब 30 से 40 गांवों के ग्रामीणों के लिए प्रमुख शासकीय स्वास्थ्य केंद्र है। बड़ी संख्या में ग्रामीण उपचार और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। इसके बावजूद अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कई मामलों में जांच और उपचार के लिए मरीजों को कांकेर, जगदलपुर सहित अन्य बड़े स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया जाता है।

ज्ञापन में अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरू करने और प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ की व्यवस्था करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। संगठन का कहना है कि गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी जांच के लिए दूर जाना पड़ता है। इससे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है और समय भी अधिक लगता है।

इसके अलावा सीएचसी में स्थायी एवं पर्याप्त चिकित्सकों की पदस्थापना, सर्जन सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता, पर्याप्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की गई। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर की सुविधा शुरू करने और भवन की आवश्यक मरम्मत कराने पर भी जोर दिया गया।

ज्ञापन में अस्पताल में आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सा सामग्री की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। संगठन ने कहा कि गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर आवश्यक जांच एवं उपचार की सुविधा मिलनी चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से दूसरे शहरों में रेफर न करना पड़े।

आपातकालीन स्थिति, प्रसव और सर्जरी के दौरान मरीजों को तत्काल रक्त उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल में ब्लड बैंक की सुविधा स्थापित करने की मांग भी रखी गई। भीम आर्मी ने स्वास्थ्य केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर वर्तमान कमियों की समीक्षा करने और उनके समाधान के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने की मांग की।

संगठन ने कहा कि दुर्गूकोंदल क्षेत्र की बड़ी ग्रामीण आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी केंद्र पर निर्भर है। ऐसे में अस्पताल में पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता आम जनता के लिए बेहद जरूरी है। मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर संगठन ने जनहित में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने की चेतावनी दी।

धर्म जागरण, गौ सेवा और सामाजिक दायित्व को मिलेगी गति

जगदलपुर/नवप्रदेश। धार्मिक एवं सामाजिक संगठन 'सक्षम' ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए बस्तर जिला एवं जगदलपुर नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन ने धर्म जागरण, गौ संरक्षण, सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक चेतना और जनजागरूकता को आगामी गतिविधियों की प्राथमिकता बताया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने की। संगठन मंत्री संतोष भदौरिया ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए सभी से संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।

संगठन के अनुसार धर्म जागरण के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं, संस्कारों और जीवन-मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। बस्तर की लोकपरंपराओं और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को भी विशेष महत्व दिया जाएगा। गौ संरक्षण एवं गौ सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण और प्रकृति के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर जनभागीदारी आधारित गतिविधियां संचालित करने की योजना है। बस्तर जिला टीम में जिला मंत्री ? साहू,जिला उपाध्यक्ष राज दुग्गा,जिला सचिव डिंपू सिंह,गौ रक्षा संयोजक हेमराज कश्यप तथा मीडिया प्रभारी ईशान मिस्त्री को जिम्मेदारी दी गई है। जगदलपुर नगर टीम में नगर अध्यक्ष दिलेश जोशी, नगर मंत्री विजय पात्र,नगर उपाध्यक्ष लक्की राम कश्यप और नगर कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम बघेल को दायित्व सौंपा गया है।

लोकसेवा गारंटी के प्रकरण समय सीमा से बाहर होने पर अधिकारियों पर लगाएं जुर्माना

अनूपपुर/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने कहा है कि जिले के सभी विभागों के विभागीय अधिकारी लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के लंबित प्रकरणों की गंभीरता के आधार पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय-सीमा से बाहर होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वाले सचिवों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को

निर्देशित कर रही थीं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके मोबाइल फोन में सीएम हेल्पलाइन एप एवं अधिकारी का लॉगिन पासवर्ड अनिवार्य रूप से उपलब्ध होना चाहिए, ताकि अधिकारी समय-समय पर लंबित शिकायतों की मॉनिटरिंग कर उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने बैंकों से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। इस दौरान जिला अग्रणी प्रबंधक को निर्देशित किया कि जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को लंबित प्रकरणों के संबंध में प्रशिक्षण दिलाया जाए, ताकि बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण हो सके।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आय, जाति, बंटवारा, खसरा-नक्शा, राजस्व अभिलेख सहित विभिन्न लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जाति प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि पटवारी की रिपोर्ट प्राप्त करना संबंधित राजस्व अधिकारी की जिम्मेदारी है। इसलिए अधिकारी अपने दायित्वों का प्राथमिकता के आधार पर निर्वहन करते हुए आवेदकों को समय-सीमा में प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में स्थित रिकॉर्ड रूम की स्थिति की समीक्षा की तथा अपर कलेक्टर को जिला रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु कहा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी शुक्रवार को जिले की जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ की ग्राम पंचायत किरगी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

मंत्री रामविचार नेताम ने शिव मंदिरों में की पूजा-अर्चना

बलरामपुर/नवप्रदेश। रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने तीसरी सोमवारी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों का दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कलिकापुर स्थित शिव मंदिर, तातापानी के प्रसिद्ध भगवान तपेश्वर धाम तथा बलरामपुर स्थित संकट मोचन मंदिर में पहुंचकर भगवान का दर्शन किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनता की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात मंत्री बलरामपुर स्थित संकट मोचन मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को प्रसाद का वितरण भी किया।

अक्षत अग्रवाल हत्याकांड के आरोपी को आजीवन कारावास

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। बहुचर्चित अक्षत अग्रवाल हत्याकांड में अदालत ने फैसला सुनाते हुए आरोपी संजीव मंडल उर्फ भानू बंगाली को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज की अदालत ने मामले में 33 गवाहों के बयान, पुलिस जांच, फॉरेंसिक साक्ष्यों और अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया। मामला 20 अगस्त 2024 का है। अंबिकापुर के मनेंद्रगढ़ रोड निवासी अंबिका स्टील संचालक महेश केडिया के पुत्र अक्षत अग्रवाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अगले दिन 21 अगस्त को अक्षत का शव शहर से लगे चठिरमा जंगल में उसकी कार के अंदर मिला था। घटना के बाद पुलिस ने अंबिका स्टील के पूर्व कर्मचारी संजीव मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का कांग्रेसियों ने किया भव्य स्वागत

अम्बिकापुर/बतौली। पथलगांव-लैलूंगा दौरे पर जाते समय सरगुजा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी.एस. सिंहदेव का बतौली विकासखंड के ग्राम बिशुनपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की विभिन्न स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ईश्वर सोनी, जिला सचिव एवं बतौली सरपंच संघ अध्यक्ष सुशीला भगत, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दुधेश्वर यादव, मंगारी मंडल अध्यक्ष अताहर अली, बूथ अध्यक्ष तिलक, दिनेश एक्का, इरफानुल, बिशुनपुर उपसरपंच शिवलाल, पंच बीरबल, अबुजल, टिक्कल, उर्मिला, फरहान, सुनील सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

उप सरपंच ने फहराया झंडा

बाराद्वार/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दुरपा के आंगनबाड़ी भवन कोलिहाभांठा एवं अमृत सरोवर तालाब चारभांठा में उप सरपंच परमेश्वर धन्नू यादव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं तिरंगे झण्डे को सलामी दी गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत भवन दुरपा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला टिकरापारा में सरपंच सपना चौहान एवं उप सरपंच परमेश्वर धन्नू यादव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर गांव के जनप्रतिनिधी, शिक्षक, छात्र व ग्रामीण मौजूद थे।

सरपंच ने किया ध्वजारोहण

बाराद्वार/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सरहर के शासकीय प्राथमिक, मिडील एवं हाई स्कूल में संयुक्त रूप से सरहर सरपंच पितांबरनाथ पाण्डेय के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में भी सरपंच पितांबरनाथ पाण्डेय ने ध्वजारोहण कर गांव के लोगो को संबोधित किया। शासकीय स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच पितांबरनाथ पाण्डेय (संतोष महाराज) थे, जिनके आतिथ्य में राष्ट्रगान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के होनहार छात्रो को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, शिक्षक, छात्र व ग्रामीण मौजूद थे।

ओडिशा से सुकमा के रास्ते राजस्थान ले जा रहे थे, 2 गिरफ्तार, खरीदार की तलाश

नमक की बोरियों के नीचे छिपाया 1.54 करोड़ का गांजा

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस ने 308 किलो 280 ग्राम गांजा पकड़ा है। गांजा पिकअप में नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर ओडिशा से राजस्थान ले जाया जा रहा था। जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 54 लाख 14 हजार रुपए बताई गई है।

इसके साथ ही, पुलिस ने पिकअप वाहन समेत कुल 1 करोड़ 64 लाख 49 हजार 550 रुपए की संपत्ति जब्त की है। राजस्थान के 2 आरोपी शिव कुमार प्रजापति (24) और उदय राम बलई (24) को गिरफ्तार किया गया है। मामला कोंटा थाना इलाके का है।

ओडिशा से राजस्थान ले जा रहे थे गांजा: एएसपी रोहित शाह ने बताया कि, 18 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी। बताया गया कि पिकअप वाहन क्रमांक RJ-27-GE-6757 में ओडिशा के मलकानगिरी क्षेत्र से गांजा लेकर कोंटा के रास्ते राजस्थान ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद कोंटा पुलिस ने कोंटा-मोटू मुख्य मार्ग स्थित कृष्ण मंदिर चौक, वार्ड क्रमांक 5 डोंडरा के पास नाकेबंदी की। सुबह करीब 6:10 बजे संदिग्ध पिकअप को रोककर उसमें सवार 2 लोगों को हिरासत में लिया गया।

नमक की बोरियों के नीचे मिले गांजे के पैकेट

पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली तो ऊपर से नमक की बोरियां रखी मिलीं। इनके नीचे गांजे के पैकेट छिपाकर रखे गए थे। वजन करने पर कुल 308 किलो 280 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से शिव कुमार प्रजापति और उदय राम बलई को गिरफ्तार किया है। दोनों राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के गाडरमाल के रहने वाले हैं।

1.64 करोड़ की संपत्ति जब्त

पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की कीमत करीब 1.54 करोड़ रुपए है। वहीं पिकअप वाहन समेत जब्त संपत्ति की कुल कीमत 1 करोड़ 64 लाख 49 हजार 550 रुपए आंकी गई है। कोंटा थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

राजस्थान में किसे पहुंचाना था गांजा, जांच जारी

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा ओडिशा के मलकानगिरी से कहां से लाया गया था और राजस्थान में किसे सप्लाई किया जाना था। तस्करी के नेटवर्क से जुड़े बाकी लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

मिलावटी खाद्य पदार्थों को रोकने जांच अभियान शुरू

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाने के लिए सघन जांच अभियान शुरू किया है। राज्यभर में चलाए जा रहे 'बने खाबो-बने रहिबो 2.0' अभियान के तहत 17 से 23 अगस्त तक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

अभियान के प्रथम दिन नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा कलेक्टर के निर्देश और अभिहित अधिकारी, सरगुजा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अंबिकापुर के थोक खाद्य एवं मिठाई बाजारों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के रख-रखाव, भंडारण और विक्रय की स्थिति की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान वेफर्स का नमूना संकलित कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए आगामी दिनों में भी खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण और खाद्य पदार्थों के नमूने लेने की कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान का उद्देश्य मिलावट, मिथ्याछाप, भ्रामक प्रस्तुतीकरण, असुरक्षित खाद्य पदार्थों तथा प्रतिबंधित एनालॉग डेयरी उत्पादों के निर्माण, वितरण और विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करते हुए आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

नागपंचमी पर पहलवानों ने दिखाया दमखम

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नागपंचमी के पावन अवसर पर सरगुजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में मल्टीपर्पज स्कूल मैदान में भव्य दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच और दमखम का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया।

कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनके प्रदर्शन की सराहना की तथा विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को शील्ड और पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि कुश्ती छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजन पारंपरिक खेलों को नई पहचान देने के साथ युवाओं को स्वस्थ रहने, अनुशासन अपनाने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि लोक एवं पारंपरिक खेल संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

श्रावण झूला महोत्सव का शुभारंभ

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। धर्म एवं आध्यात्मिक की पावन नगरी शिवरीनारायण में श्रावण मास में आयोजित होने वाले झूला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया को शिवरीनारायण में श्रावण झूला महोत्सव का शुभारंभ होता है जो श्रावण पूर्णिमा तक आयोजित होगा। श्रद्धालु भक्तजन इस झूला महोत्सव में परिवार सहित सम्मिलित होकर भगवान का दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं, महोत्सव का शुभारंभ शाम 5:30 बजे महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के कर कमलों से भगवान की विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर देश के अनेक स्थानों से तीर्थाटन करते आए हुए संत-महात्मा भी काफी संख्या में सम्मिलित हुए।

राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हुए शशि मोहन सिंह

रायगढ़/नवप्रदेश। रायपुर में 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों छत्तीसगढ़ पुलिस के 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

इनमें रायगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके दीर्घकालीन समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता तथा पुलिस सेवा में उल्लेखनीय योगदान का राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान है। वर्ष 2026 के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस के 11 अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम राष्ट्रपति पुलिस पदकों के लिए घोषित किए गए थे, जिनमें शशि मोहन सिंह का नाम सराहनीय सेवा पदक पाने वाले अधिकारियों में शामिल है। शशि मोहन सिंह ने वर्ष 1997 में राज्य पुलिस सेवा में चयनित होकर अपने पुलिस सेवाकाल की शुरुआत की। मध्यप्रदेश के होशंगाबाद, इटारसी और भोपाल सहित विभिन्न स्थानों पर सेवाएं देने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पश्चात उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

वर्ष 2012 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी के रूप में उन्होंने छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी पुलिसिंग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। कठिन परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आंतरिक सुरक्षा और जनसेवा के मोर्चे पर उनके कार्य ने उन्हें एक सशक्त और अनुभवी पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान दिलाई। पुलिस सेवा के साथ शशि मोहन सिंह के व्यक्तित्व का एक रचनात्मक पक्ष भी रहा है। वे एक अच्छे अभिनेता, कवि और लेखक के रूप में भी अपनी अलग पहचान रखते हैं। अपनी रचनात्मक अभिरुचियों के माध्यम से उन्होंने समाज और पुलिसिंग के बीच बेहतर संवाद, संवेदनशील पुलिसिंग तथा सकारात्मक सामाजिक संदेशों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। पुलिस सेवा में उनके कार्यों और व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों के लिए उन्हें समय-समय पर अलग-अलग मंचों पर सम्मानित भी किया जाता रहा है।

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक.... /2025-26
ग्राम - मुंगेली मन-2 , प.ह.न. 9

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली मन-2 के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकुल यादव पिता स्व. कोमल राम जाति यादव निवासी बरपाराबाजारचौक जांजगीर जिला- चांपा द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. ..... तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 676/17 रकबा 0.016 हे. को .... किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24/8/26 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/8/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा छ.ग.

ईश्तहार

लखनपुर दिनांक 13.08.2026

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ईरगवा को सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरालाल आ.श्री शिवबालक निवासी ईरगंवा के बाबा स्व.कोन्दा केवट आ. स्व. श्री नान्ही की मृत्यु दिनांक 10.06.1980 को होना बताते हुए मृत्यु प्रमाण हेतू जन्म / मृत्यु रजिस्टीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 नियत (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतू आवेदक इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 25.08.2026 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में किसी को कोई आपत्ति हो तो वो न्यायालय की पेशी 25.08.2026 तक अपना दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

तहसीलदार
लखनपुर

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)
पिन कोड - 491441 Email.id - gmch.rjn@gmail.com

क्रमांक / अस्प. अधी./ क्रय शाखा / 2026 / 5074 राजनांदगांव दिनांक 13/08/26

।। तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के आर्थोपेडिक विभाग में लगने वाले आर्थोपेडिक अपलाईसेस, आर्थो प्रोस्थेसिस इन्स्ट्रुमेंट एवं इम्प्लान्ट्स सामग्री के दर अनुबंध (RC) लिये खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है, इस हेतु अधिकृत कम्पनी एवं अधिकृत एजेंसियों से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसके नियम एवं शर्तों की प्रति कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.30 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भण्डार से निविदा फार्म के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मूल्य - 1000.00 रुपया (वापसी अयोग्य)
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभ तिथि - 19.08.2026 सुबह 10.30 बजे से ।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 25.08.2026 शाम 05.30 बजे तक
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 27.08.2026 शाम 03.00 बजे तक
05. निविदा खोले जाने की तिथि - 27.08.2026 शाम 04.00 बजे से ।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सुचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-262702815/4

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 07-09-2026 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत (जी.एस.टी. छोड़ कर) (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
197447	12/व.ले.लि./2026-2027 दिनांक 17.08.2026	बिलासपुर जिले के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत नूतन कॉलोनी में एच-1 प्रकार की नई आवासीय ईमारत का निर्माण, नूतन कॉलोनी के क्लब हाउस में कमरों का निर्माण, मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में पार्किंग स्थान एवं नूतन कॉलोनी स्थित गैरेज का उन्नयन और हसदेव बांगो परियोजना बिलासपुर के अंतर्गत नूतन और कुदुदण्ड कॉलोनी स्थित आवास गृह का नवीनीकरण कार्य।	385.05	प्रथम आमंत्रण
197457	13/व.ले.लि./2026-2027 दिनांक 17.08.2026	जांजगीर-चाम्पा जिले के विकास खण्ड नवागढ़ अंतर्गत नवागढ़ शाखा नहर अंतर्गत भठली उपवितरक नहर प्रणाली में मिट्टी मरम्मत, लाईनिंग एवं पक्का स्ट्रक्चर कार्य।	248.75	प्रथम आमंत्रण

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 (संशोधित दिनांक 23.04.2026) के आधार पर।

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **24-08-2026** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

जी-262702827/6

आवारा मवेशियों पर कसेगा शिकंजा, रेडियम बेल्ट लगाने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने गोधाम की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को हटाकर उचित स्थान पर रखने के लिए कार्ययोजना बनाने तथा पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों एवं छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने तथा वहां की व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में शत-प्रतिशत गणवेश वितरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक स्कूल में किचन गार्डन स्थापित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने लोरमी विकासखंड के ग्राम भस्करा में ऑयल पाम के लिए आवश्यक विद्युत व्यवस्था, मांग के अनुरूप पंप स्थापना तथा अन्य आवश्यकताओं की समीक्षा की और विद्युत, उद्यानिकी एवं संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर आवश्यकताओं का

मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग अंतर्गत डीसीएस कार्ययोजना एवं प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए सर्वेयरों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में त्रुटिरहित सर्वे एवं गिरदावरी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खसरों का रैंडम चेक करने और डीसीएस कार्य की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने किचन गार्डन की कार्ययोजना के संबंध में संतोषजनक जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के एक दिवस का वेतन कटौती के निर्देश दिए। वहीं स्कूलों एवं छात्रावासों के निरीक्षण की पर्याप्त जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर मुंगेली एसडीएम के एक दिवस के वेतन कटौती के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूल एवं छात्रावासों की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

लापरवाही पर डीईओ, मिशन समन्वयक व एसडीएम का कटेगा वेतन

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने योजनाओं की जानकारी संतोषजनक नहीं मिलने पर अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। किचन गार्डन की कार्ययोजना नहीं देने पर जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक का एक दिन का वेतन काटने तथा स्कूल-छात्रावास निरीक्षण की पर्याप्त जानकारी नहीं देने पर मुंगेली एसडीएम के वेतन कटौती के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा

मुंगेली/नवप्रदेश। पृथ्वी ग्रीन कॉलोनी में आज नागपंचमी के शुभ अवसर पर शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नागपंचमी के शुभ दिन पर पृथ्वी ग्रीन कॉलोनी में नव-निर्मित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। मुख्य यजमान आनंद देवांगन एवं उनकी पत्नी गायत्री देवांगन रहे। उन्होने बताया कि यह मंदिर कॉलोनीवासियों के सहयोग से बनाया गया है। इस अवसर पर सौरभ बाजपेयी, संदीप ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी, महिलाएं, बच्चे एवं वरिष्ठजन उपस्थित हुए।

स्वतंत्रता दिवस पर आकांक्षा और आयुष को मिले नकद पुरस्कार

मुंगेली/नवप्रदेश। विद्यालय विवेकानंद विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कोमल शर्मा द्वारा कक्षा दसवीं में प्रथम कुमारी आकांक्षा कोशले व कक्षा 12वीं में प्रथम आयुष केशरवानी को क्रमशः 1100 रूपए एवं 2100 रूपए नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सुखनंदन यादव, प्राचार्य पारथ कुलमित्र, पंडित रविंद्र दत्त, स्वारथ कुलमित्र, तिरथाराम साहू, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं नगर के गणमान्य नागरिक इस राष्ट्रीय पर्व के साक्षी रहे।

शहीदों की कुर्बानी से मिली देश को आजादी

मुंगेली/नवप्रदेश। एबीवाई इंग्लिश मीडियम स्कूल सेतगंगा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष कर रहे भुवन ओगरे ने कहा कि हमारा देश अंग्रेज से आजाद तो हो गया लेकिन अभी भी समाज के बहुत से तबके बहुत पीछे है। जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण मिलनी चाहिए। नरेंद्र जायसवाल ने देश की आजादी का इतिहास पर प्रकाश डालते विद्यालय परिवार को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के संस्था प्रमुख मनोहर यादव ने कहा यह आजादी आसानी नही मिला है सैकड़ो वर्षो के गुलामी व हजारो स्वतंत्रता सेनानियों के शहीद के परिणाम स्वरूप यह आजादी मिली है। कार्यक्रम में हरनाम सिंह, मेघराज सिंह, दीपक शर्मा, जय राम पांडेय, मोर सिंह, कान्हा गुप्ता, तुलसी गबेल, महेंद्र गबेल, बिहारी गबेल, रामु, रामनिहोरा यादव, बिहारी यादव, तोरण अंचल, भूपेंद्र, नन्दू, जयराम संतोष यादव, काजल अनन्त, थनेश्वरी गबेल, कृष्ण कुमार रात्रे, गीता गबेल, रोशनी अंचल, दुर्पति टोन्डर, साहिल यादव, गुनगुन यादव, आदि उपस्थित थे। अंत मे विद्यालय के एचएम श्रीमती मालती भारद्वाज ने आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा किये।

जिला न्यायालय में प्लास्टिक को ना पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय मुंगेली में पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से एकल-उपयोग प्लास्टिक एवं डिस्पोजल सामग्री के उपयोग को हतोत्साहित करते हुए प्लास्टिक हटाएं, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य बचाएं का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी सहित कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशगण की उपस्थिति में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को मिट्टी से निर्मित पर्यावरण-अनुकूल पानी की बोतलों का वितरण किया गया। इस पहल के माध्यम से प्लास्टिक की बोतलों के स्थान पर स्थानीय, पर्यावरण हितैषी एवं पुनः उपयोग योग्य विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

निधन

राकेश कुमार साहू

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम रामगढ़ निवासी राकेश कुमार साहू परदेशी का 10 अगस्त को निधन हो गया। वे भानुप्रताप साहू के पिता एवं सूरज कुमार साहू के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

नजूल पट्टाधारकों को मिलेगी बड़ी सुविधा, कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत होगी कम

जिले में ई-नजूल व्यवस्था लागू, अब मोबाइल से होगा नजूल पट्टा नवीनीकरण

रायगढ़/नवप्रदेश। नजूल पट्टाधारकों को सुविधाजनक, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रायगढ़ जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले में अब ई-नजूल व्यवस्था लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के माध्यम से नजूल पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाया गया है। इससे नागरिक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से घर बैठे नजूल पट्टा नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नई व्यवस्था के तहत क्यूआर कोड स्कैन कर कुछ ही मिनटों में आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। इससे नजूल पट्टाधारकों को आवेदन जमा करने के लिए बार-बार संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी। डिजिटल प्रक्रिया के कारण आवेदन की कार्यवाही अधिक व्यवस्थित होने के साथ ही इसमें पारदर्शिता भी बढ़ेगी। नजूल पट्टा नवीनीकरण के दौरान आवश्यक नगर निगम/नगर निवेश की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) तथा राजस्व निरीक्षक (आरआई) का प्रतिवेदन भी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

ई-नजूल व्यवस्था में इन आवश्यक कार्यवाहियों को भी अधिक सरल और व्यवस्थित तरीके से संपादित करने का प्रयास किया गया है। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से आवेदन के विभिन्न चरणों को व्यवस्थित करने से संबंधित विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा तथा प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी।

इससे नजूल पट्टाधारकों को सुविधा मिलने के साथ ही प्रशासनिक कार्यप्रणाली में भी दक्षता बढ़ेगी। जिला प्रशासन की

इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। ई-नजूल व्यवस्था लागू होने से नजूल पट्टा नवीनीकरण की पारंपरिक प्रक्रिया में होने वाली अनावश्यक भागदौड़ कम होगी और डिजिटल माध्यम से नागरिकों को सेवा प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

एक माह में नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने का लक्ष्य

ई-नजूल व्यवस्था में नजूल पट्टा नवीनीकरण के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने पर विशेष जोर दिया गया है। नजूल पट्टा नवीनीकरण की पूरी कार्यवाही 30 दिवस के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे नागरिकों को अपने प्रकरण के निराकरण के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और नजूल संबंधी सेवाओं की डिलीवरी भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी। नई प्रणाली के तहत आवेदन प्रक्रिया से लेकर आवश्यक दस्तावेजों एवं संबंधित प्रतिवेदनों की कार्यवाही को सुव्यवस्थित किया जाएगा। इससे प्रकरणों की निगरानी आसान होगी और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यवाही पूरी करने में मदद मिलेगी।

शिवालय को बाबा बर्फानी के रूप में किया विशेष श्रृंगार

मुंगेली/नवप्रदेश। सावन के तीसरे सोमवार को मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर में शिवालय को बाबा बर्फानी के रूप में विशेष श्रृंगार किया गया, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। मंदिर में सावन झूला उत्सव का भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। महिलाएं दिन भर भजन-कीर्तन में जुटी रही। मंदिर में भण्डारे का भी आयोजन किया गया। नगर के शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।

मल्हापारा स्थित खेमगिर बाबा शंकर मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तगण स्नानकर भोलेनाथ की पूजा-पाठ में रमे रहे। सुबह से ही शिवालयों से हर-हर महादेव की गूंज से पूरा वातावरण शिवभक्तिमय हो गया। शहर के अन्य शिवालयों में से त्रिलोकीधाम, खर्राघाट गणेश्वर महादेव, बुधवारी बाजार स्थित परमहंस कुटिया में विराजित महादेव मंदिर, सोनारपारा स्थित शंकर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ महादेव के दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ी थी। सावन माह में शिवभक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधकों ने पूर्व से तैयारी कर रखी थी। नगर के मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है। शिवालय को बाबा बर्फानी के रूप में विशेष श्रृंगार किया गया। वैसे तो पूरे साल शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, लेकिन सावन माह के सोमवार को शिवालयों में मेला जैसा माहौल बन जाता है। जिले के सेतगंगा शिव मंदिर में भी शिव भक्तों श्रद्धा-भक्ति के साथ शिवालय में पूजा अर्चना करते रहे। ग्राम सुरदा में आज सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवालय में पूजा-अर्चना करते रहे। पं. दीनानाथ उपाध्याय के अनुसार सावन सोमवार में शिवपूजन मंगलमय तथा कल्याणकारी होता है। भगवान शिव जल्द प्रसन्न होकर भक्त का कल्याण करते है।

सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब ने समुदाय से न्याय और निष्पक्षता बनाए रखने का किया आग्रह

बिलासपुर/नवप्रदेश। दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु, परम पावन सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब ने शनिवार 15 अगस्त को कापड़गंज की बुरहानी मस्जिद में एक सभा को संबोधित किया। सैयदना साहब ने छत्तीसगढ़ की न्यायिक राजधानी और राज्य के उच्च न्यायालय के घर के रूप में शहर की पहचान को अपने प्रवचन का केंद्र बनाते हुए, समुदाय के लोगों को अपने आचरण में न्याय और निष्पक्षता के मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी।

उन्होंने बच्चों की शिक्षा और परवरिश में सक्रिय भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण समय के महत्व पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि बच्चे का पालन-पोषण माता-पिता दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

सैयदना साहब ने समुदाय के सदस्यों को देश के विकास और प्रगति में सकारात्मक योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

सैयदना साहब का बिलासपुर आगमन रायपुर के पांच दिवसीय दौरे के बाद हुआ है। राज्य की राजधानी में उनके प्रवास के दौरान, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सैयदना साहब से मुलाकात की और राज्य में दाऊदी बोहरा समुदाय के योगदान और इसकी सामाजिक विकास पहलों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने समुदाय के किचन कार्यक्रम की भी सराहना की, जिसके माध्यम से दाऊदी बोहरा परिवारों के लिए भोजन तैयार किया जाता है।

102 पाव अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषित शुष्क दिवस के दौरान जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा सघन जांच एवं छापामार कार्रवाई की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार शुष्क दिवस के पूर्व से ही आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निगरानी एवं आकस्मिक जांच की गई।

जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि शुष्क दिवस के दौरान शासकीय मदिरा दुकानों के बंद रहने के मद्देनजर अवैध मदिरा के संभावित परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए टीम द्वारा होटल, ढाबा, गुमटी तथा अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के संदिग्ध ठिकानों की जांच की गई। इसी क्रम में वाहन जांच के दौरान ग्राम नारायणपुर, थाना फास्टरपुर में बाइक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल से 102 पाव देशी मदिरा प्लेन, कुल मात्रा 18.360 बल्क लीटर बरामद की गई। मामले में आरोपी विकास साहू, ग्राम झाल, थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया गया। सहायक आबकरी अधिकारी रविन्द्र पाण्डेय ने बताया कि अवैध रूप से मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को मदिरा सहित जब्त कर लिया गया है।

परंपरा और आस्था के बीच मनाया नागपंचमी पर्व

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में नाग पंचमी का पर्व मनाया गया। घर-घर में नाग देवता की पूजा-अर्चना की गई। दूर-दराज क्षेत्रों से आए सपेरों ने नगर में सांपों का प्रदर्शन करते रहे। भारतीय संस्कृति में सर्प का विशेष महत्व है।

इसी संस्कृति का एक अहम हिस्सा नागपंचमी है। नागों को समर्पित यह महत्वपूर्ण त्यौहार है। हिन्दु धर्म के अनुसार नागों का अपना महत्व है। जहां ये शंकर भगवान के आभूषण के रूप में है वहीं भगवान विष्णु की सेवा शेषनाग की शैया के रूप में करते हैं। क्षेत्र में नागपंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा घरों-घर सुबह दीवार पर गोबर एवं स्याही से नाग की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना करते रहे। पूजा पश्चात दूध, लाई एवं नारियल का प्रसाद वितरण किया गया। नागपंचमी को सर्प पूजन का विशेष महत्व रहता है। शंकर मंदिरों में नाग देवता की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

देशभक्ति से जुड़ी हर चीज का विरोध करना कांग्रेस की नीतिः केशरवानी

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम् के गायन को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा कथित विरोध पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभक्ति से जुड़ी हर चीज का विरोध करना कांग्रेस की नीति बन गई है। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर वंदे मातरम् के प्रति कांग्रेस नेताओं द्वारा घोर अनादर प्रदर्शित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि यदि कांग्रेस में जरा भी देशभक्ति है, तो उसे राष्ट्रगीत के कथित अपमान के लिए 24 घंटे के भीतर सार्वजनिक रूप से देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर वंदे मातरम् के प्रति विरोध की भावना कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाती है। महाराणा प्रताप चौक में आयोजित कार्यक्रम को शैलेष पाठक, महेंद्र खत्री एवं संतोष साहू (फौजी) ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नरेंद्र राजपूत ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री राजेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, कार्यालयप्रभारी कोटू दादवानी, एल्डरमेन अमितेश आर्य, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, अशोक साहू, शैलेन्द्र सलूजा, शैलेन्द्र तिवारी, यश गुप्ता, उमाशंकर बघेल, तामेश्वर साहू, राजेश्वर सिंह ठंडन, नारायण वर्मा, उत्तम साहू, दीपक सोनकर, आदर्श जायसवाल, उदित साहू, अरविन्द सोनी, पंकज सिंह ठाकुर, रोशन सोनी, वासुदेव देवांगन, मनीष कोल, रामजी यादव, विशाल कौशिक, हितेश जायसवाल, मुकुल तिवारी, रवि साहू, उमेश विश्वकर्मा, निखिल पाण्डेय, संजू यादव, राज साहू, गजेंद्र साहू, बाबूराम सहित अन्य मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष...

दशकों तक रहा नक्सलवाद का...

का फहराया जाना ग्रामीणों के लिए केवल स्वतंत्रता दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि बदलते माहौल और नई उम्मीद का प्रतीक बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों तक नक्सलवाद के कारण सड़क और अन्य निर्माण कार्यों के लिए मशीनरी तथा कर्मचारियों की पहुंच मुश्किल रही। कई जगह प्रशासनिक गतिविधियां भी सीमित रहीं। इसका सीधा असर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल और आवागमन जैसी सुविधाओं पर पड़ा। आज भी कई गांवों के लोगों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

अब डर नहीं, विकास की उम्मीद

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि नक्सलवाद के कारण जो विकास कार्य वर्षों तक रुके रहे, उन्हें अब तेजी से शुरू किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि शांति और सुरक्षा का माहौल बनने के बाद सरकार के लिए इन गांवों तक सड़क और पुल पहुंचाना आसान होगा। ग्रामीणों के मुताबिक माओवादी जनताना सरकार के समय बनाई गई बिजली की रोप-लाइन तथा लकड़ी का पुल लंबे समय तक नदी पार करने का एकमात्र सहारा रहा, लेकिन दो वर्षों से यह व्यवस्था भी टूट चुकी है। ग्रामीणों की पहली मांग सुरक्षित और सुगम आवागमन की है। नदी पर स्थायी पुल, गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़कें और बरसात में आवागमन की व्यवस्था उनके लिए सबसे बड़ी जरूरत है। बिजली, मोबाइल नेटवर्क, पेयजल, स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल जैसी सुविधाएं भी जरूरी है।

अमेरिका में भारत जैसा...

कैसे हो सकते हैं? ट्रम्प ने आगे कहा- हमें अब सेव अमेरिका एक्ट पास करना होगा। ट्रम्प ने अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया को और सख्त बनाने पर जोर दिया। उनका कहना है कि इससे अमेरिकी चुनावों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

पाक सुको का आदेश...

इमरान खान 3 साल से जेल में हैं। उन्हें अगस्त 2023 में भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया था।

कोर्ट ने पूरी मेडिकल रिपोर्ट न मिलने पर नाराजगी जताई

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अडियाला जेल प्रशासन से इमरान की पूरी मेडिकल रिपोर्ट मांगी। जस्टिस शाहिद वहीद ने इस पर नाराजगी जताई कि कोर्ट के सामने पूरी रिपोर्ट पेश करने के बजाय सिर्फ समरी दी गई है। तीन जजों की बेंच इमरान के इलाज और परिवार से मुलाकात से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। बेंच की अध्यक्षता जस्टिस शाहिद वहीद ने की। इसमें जस्टिस नईम अख्तर अफगान और जस्टिस इश्तियाक इब्राहिम शामिल थे।

मेडिकल रिपोर्ट में इमरान की सेहत को लेकर चिंता

कोर्ट में पेश की गई मेडिकल रिपोर्ट में इमरान खान की सेहत को लेकर चिंता जताई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, उनके ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव, दिल की धड़कन तेज होने और काफी मानसिक तनाव की समस्या सामने आई। कोर्ट में पेश की गई मेडिकल रिपोर्ट में इमरान खान की सेहत को लेकर चिंता जताई गई।

मध्य प्रदेश के मुरैना में...

के बाद मंगलवार को प्रशासन को मामले की जानकारी मिली। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सिक्के बरामद कर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सिक्कों पर जॉर्ज पंचम और 1913 अंकित- मिले सिक्कों पर 'तश्वहत्रतश्व ङ्क चढ्डहत श्वस्क्षत्रहक्र' और वर्ष 1913 अंकित है। सिक्के के दूसरे हिस्से पर 'ह्लह्श्व त्रक्क्षश्व ढ्ढह्लष्ठद्ब' लिखा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सिक्के ब्रिटिश काल के हैं। इनकी ऐतिहासिक स्थिति और अन्य जानकारी की पुष्टि संबंधित विभाग की जांच के बाद होगी।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी...

गौरव ग्रोवर को शामिल किया गया। यह एसआईटी अब भी चढ़ावा चोरी की जांच कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट में फांसी...

देने की मांग की गई थी।

केंद्र चाहे तो फांसी के तरीके की समीक्षा करा सकता हैः सुको

कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिका खारिज करने का मतलब यह नहीं है कि भविष्य में संवैधानिक समीक्षा का रास्ता बंद हो गया है। अगर ठोस वैज्ञानिक, मेडिकल या अनुभवजन्य सबूत सामने आते हैं, तो इस मुद्दे की दोबारा जांच की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केंद्र सरकार विशेषज्ञों की समिति बनाकर मौजूदा फांसी की व्यवस्था की व्यापक समीक्षा कर सकती है। समिति यह जांच सकती है कि क्या कोई वैकल्पिक तरीका अनावश्यक पीड़ा कम करने और दोषी की गरिमा बनाए रखने में बेहतर है।

सीएम साय की संवेदनशील...

आभार व्यक्त किया। अविनाश ने मुख्यमंत्री को बताया कि उपचार के बाद उनकी स्थिति में काफी सुधार आया है और अब वे पहले की तुलना में कहीं अधिक सहजता से चलने-फिरने के साथ अपने दैनिक कार्य कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उनके स्वस्थ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की कामना की।

पहले आया 7.7 का भूकंप, फिर झील में दिखा काला पदार्थ

इंडोनेशिया के फ्लोरेस द्वीप के वेस्ट मंगगराई इलाके में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया. इसके बाद सानो न्गोआंग झील में काले रंग का पदार्थ दिखाई देने की खबर सामने आई. स्थानीय लोग इस घटना को ताई सानो कहते हैं. हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि झील में दिखा यह काला पदार्थ भूकंप की वजह से ही आया है या इसके पीछे कोई और कारण है. इसकी सही वजह पता लगाने के लिए झील के पानी और काले पदार्थ की जांच करनी होगी.

भूकंप के बाद झील में बदलाव की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं. सवाल उठ रहा है कि क्या भूकंप के तेज झटकों से झील की तलहटी में जमा मिट्टी या दूसरे पदार्थ ऊपर आ गए. यह संभावना इसलिए भी देखी जा रही है क्योंकि सानो न्गोआंग एक सामान्य झील नहीं है. यह पुराने ज्वालामुखीय इलाके में बनी झील है. यहां जमीन के नीचे से गर्म पानी और गैस निकलने जैसी गतिविधियां भी होती हैं।

7.7 तीव्रता का था भूकंप

फ्लोरेस इलाके में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद झील में काला पदार्थ दिखाई देने की खबर आई. लेकिन दोनों घटनाएं एक के बाद एक हुईं, इसका मतलब यह नहीं है कि काला पदार्थ भूकंप की वजह से ही आया। तेज भूकंप से जमीन के साथ-साथ पानी के नीचे की मिट्टी भी हिल सकती है. इससे झील की तलहटी में जमा मिट्टी और छोटे कण पानी में मिल सकते हैं. इससे पानी का रंग गहरा या मटमैला दिख सकता है. लेकिन सानो न्गोआंग में ऐसा ही हुआ है, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। एक साइंटिफिर स्टडी के मुताबिक, झील का आकार करीब 3.3म2.2 किलोमीटर है. इसकी गहराई करीब 500 मीटर तक बताई गई है. झील का पानी काफी अम्लीय है और इसका श्व॥ करीब 3.17 दर्ज किया गया था। इस झील के पानी में सल्फेट और हाइड्रोजन सल्फाइड जैसे रसायन पाए गए हैं. झील के आसपास सल्फर जैसी गंध भी महसूस की गई है।

ज्वालामुखीय इलाके में बनी है झील

सानो न्गोआंग झील एक पुराने ज्वालामुखीय गड्ढे में बनी है. स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के ग्लोबल वॉल्केनिज्म प्रोग्राम के मुताबिक, यहां करीब 2.5म3.5 किलोमीटर का ज्वालामुखीय गड्ढा है. झील के पास गर्म गैस निकलने वाली जगहें भी दर्ज की गई हैं।

लड़ाकू विमानों से बख्तरबंद प्लेटफॉर्म तक, 405 रक्षा उत्पाद होंगे विकसित

नई दिल्ली/ए.। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश के रक्षा उत्पादन क्षेत्र को बड़ी मजबूती मिली है। रक्षा उत्पादन विभाग ने 405 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रक्षा वस्तुओं की छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी की है।

इन 405 वस्तुओं का अनुमानित कारोबारी मूल्य करीब 3,070 करोड़ रुपए है। इनमें हेलीकॉप्टर से लेकर लड़ाकू विमान व बख्तरबंद प्लेटफॉर्म से जुड़े महत्वपूर्ण उपकरण, मिसाइल व रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स, तटरक्षक बल और रक्षा उपक्रमों की वस्तुएं शामिल हैं। इन सभी वस्तुओं का अब देश में ही विकास और उत्पादन किया जाएगा। इससे आने वाले समय में इनके आयात पर निर्भरता कम होगी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, नई सूची में 16 वस्तुएं भारतीय तटरक्षक बल और 389 वस्तुएं रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से जुड़ी हैं। यह सूची काफी व्यापक है। इसमें अलग-अलग हथियार प्रणालियों और रक्षा प्लेटफॉर्म में इस्तेमाल होने वाले कल-पुर्जे, उप-प्रणालियां, उप-असेंबली, स्पेयर पार्ट्स, घटक व कच्चा माल शामिल है। इस सूची

में सेना, वायुसेना और नौसेना के लिए इस्तेमाल होने वाले कई महत्वपूर्ण उपकरण शामिल हैं। वायु प्लेटफॉर्म में एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर, सुखोई-30 एमकेआई, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, एएल-31एफपी इंजन से जुड़े उत्पाद शामिल हैं। वहीं, बख्तरबंद प्लेटफॉर्म के लिए टी-72, टी-90 और बीएमपी-टू से जुड़े महत्वपूर्ण उपकरण भी सूची में रखे गए हैं। सरकार ने कई महत्वपूर्ण मिसाइल प्रणालियों से जुड़े सामानों को भी स्वदेशी तौर पर बनाने का फैसला किया है। इनमें कोंकर्स-एम, इनवार और एमआरएसएएम से संबंधित वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भी कई अहम सामानों का स्वदेशीकरण किया जाएगा। इनमें रडार, सोनार, फायर कंट्रोल सिस्टम व सैटेलाइट संचार प्रणाली शामिल हैं।

'पूरे देश में बदलेगा सिस्टम': छात्रों की हड़ताल खत्म होने पर नेता प्रतिपक्ष राहुल ने जताई खुशी

नई दिल्ली/ए.। झारखंड के छात्रों और राज्य सरकार के बीच सोमवार रात सहमति बन गई। अब इस मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है। यह खबर सुनकर अच्छा लगा।

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर क्या आरोप लगाया?

इसके साथ ही कांग्रेस ने मंगलवार को मोदी सरकार पर जाति जनगणना को बाधित करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही पूछा कि 2027 की जनगणना में जाति चयन के लिए ड्रॉप-डाउन मेनू क्यों शामिल नहीं किया गया है। वहीं, केंद्र ने सितंबर 2021 में सर्वोच्च न्यायालय में अपने हलफनामे में इसकी सिफारिश की थी।

विपक्षी दल ने क्या दावा किया?

विपक्षी दल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने 30 अप्रैल, 2025 को जाति जनगणना की

घोषणा करके पूरी तरह से यू-टर्न लिया था। इसके साथ ही अब वे अपने पहले के यू-टर्न पर भी यू-टर्न ले रहे हैं। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 21 सितंबर, 2021 को मोदी सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर जाति जनगणना की याचिका को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया था।

उन्होंने बताया कि बिहार और तेलंगाना में जाति सर्वेक्षण किए जाने से पहले ही इस तरह का मेनू तैयार किया गया था। रमेश ने बताया कि यह सुझाव कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से 5 मई, 2025 को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में भी शामिल था। मोदी सरकार जाति जनगणना को नाकाम करना चाहती है। प्रधानमंत्री ने 30 अप्रैल, 2025 को पूरी तरह से यू-टर्न लेते हुए घोषणा की कि जाति जनगणना होगी, जिसे उन्होंने पहले शहरी नक्सलवादी विचार कहकर आलोचना की थी।

हम देश के हर छात्रों के साथ खड़े हैं : राहुल

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा,'मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी और झारखंड सरकार ने बातचीत का रास्ता चुना और समाधान निकाला। छात्रों ने संयम बरता और अपनी बात रखी। यही सही तरीका है, जब छात्र सवाल उठाएं, तो उन्हें जवाब मिलना चाहिए। हम देश के हर छात्र के साथ खड़े हैं। हम इस रिकवरी सिस्टम को पूरी तरह बदल देंगे। ताकि हर छात्र को अपनी मेहनत का पूरा फल मिले और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अधिकार मिले। यह सिस्टम पूरे देश में बदलेगा। अब एक ऐसा ढांचा तैयार किया जाएगा जो छात्रों को आगे बढ़ाए। न कि उन्हें पीछे रोके।

जयराम रमेश ने एक्स पर क्या कहा?

रमेश ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'हालांकि, हलफनामे के पैरा 12 (डी) में निम्नलिखित कहा गया है 2011 की जनगणना से पहले जाति का कोई रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था। जाति रजिस्टर के लिए यह आदर्श होता कि जातियों के चयन के लिए एक ड्रॉप-डाउन मेनू दिया जाता, जिससे कुछ सुसंगत डेटा उपलब्ध हो पाता जिस पर भरोसा किया जा सकता था।'

पेपर लीक के आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की मांग

शीर्ष अदालत ने केंद्र-राज्यों से मांगा जवाब

नई दिल्ली/ए.। प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में पेपर लीक में शामिल आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति की जांच कर उसे जब्त करने के निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मंगलवार को

अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की है।

CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY
(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)
VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 94062-10918 E-mail: credatendercell@gmail.com Web: www.creda.co.in
NIT Ref. No.6162/CREDA/SPVHLS/2026-27 Date: 17.08.2026

NOTICE INVITING BID

CREDA invites online bid for standardisation of rates for Supply, Installation and Commissioning of Solar Home Lighting System of Capacity of Minimum 300 Wp with 5 years Comprehensive maintenance contract (CMC) and onsite warranty anywhere in the State of Chhattisgarh.

Inspection of Sample	:	01.09.2026 at 12:00 PM
Last date of submission of Online Bid	:	07.09.2026 till 5:00 PM
Opening of Online Bid	:	09.09.2026 12:00 PM onwards

Technical Bid and Price Bid shall be submitted online only at "https://eproc.cgstate.gov.in" However Technical Bid (as per the checklist) also has to be submitted in hard copy duly signed by bidder at H.O. Tender Cell, CREDA. Bidders are advised to follow the instructions provided for Registration and e-Submission Process accordingly. (For any query about e-bidding please visit user manual at https://eproc.cgstate.gov.in.)

Tender document with all terms and conditions is available at www.creda.co.in and at https://eproc.cgstate.gov.in

CREDA reserves all rights to accept/reject any or all bids in full/part without assigning any reasons.

S-48798/2 Chief Engineer CREDA

एक्सिस बैंक ने 50 नई शाखाओं के शुभारंभ के साथ 80वें स्वतंत्रता दिवस का मनाया जश्न

रायपुर। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह समारोह के तहत, देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने देश भर में 50 नई शाखाओं का उद्घाटन किया। यह विस्तार विविध भौगोलिक क्षेत्रों और आर्थिक केंद्रों में ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए एक्सिस बैंक के निरंतर निवेश को दर्शाता है।

जैसे-जैसे भारत अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है, ज्यादातर लोगों का औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जुड़ना आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है। शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण बाजारों में फैली ये नई शाखाएं ग्राहकों के करीब बैंकिंग सेवाओं का संपूर्ण दायरा लेकर आएंगी, जो बैंक के तकनीक-संचालित डिजिटल इकोसिस्टम को और मजबूत करेंगी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु और झारखंड में स्थित इन शाखाओं को एक सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एटीएम, सुगम इंफ्रास्ट्रक्चर, डोरस्टेप बैंकिंग सुविधाओं और क्षेत्रीय भाषाई सहायता से लैस, ये शाखाएं ग्राहकों की सुविधा, समावेशन और स्थानीय बाजार की जरूरतों पर बैंक के ध्यान को और मजबूत करती हैं।

इस अवसर पर, एक्सिस बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री मुनीश शारदा ने कहा, 'जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, देश के विकास में और लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने में बैंकों की बड़ी भूमिका है। 'स्वतंत्रता सप्ताह' के दौरान 50 नई शाखाएँ खोलना यह दिखाता है कि जहाँ भी विकास हो रहा है और जहाँ ग्राहकों को हमारी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है, हम वहाँ पहुँचना चाहते हैं। इसके साथ ही, हम ऐसी नई सुविधाओं पर काम कर रहे हैं जिससे ग्राहकों के लिए बैंकिंग पहले से ज़्यादा आसान, सुरक्षित और काम की बन सके। '

भारत बना बॉर्डर और शहरी इलाकों में एंटी-ड्रोन पेट्रोलिंग शुरू करने वाला पहला देश

हैदराबाद। इंद्रजाल रेंजरइ ने होमलैंड-सिक्योरिटी व्हीकल की एक नई कैटेगरी पेश की है। यह एक खास तौर पर तैयार किया गया एंटी-ड्रोन पेट्रोल व्हीकल है, जो तेज रफ्तार से चलते हुए भी रोग ड्रोन्स को डिटेक्ट, ट्रैक, आइडेंटिफाई और काउंटर करने में सक्षम है। पुलिस की गाड़ियां एक सदी से भी ज्यादा समय से शहरों की सड़कों पर पेट्रोलिंग कर रही हैं। अब भारत एक नए तरह का पेट्रोल व्हीकल जोड़ रहा है, जो आसमान में पेट्रोलिंग करेगा। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और सिंगापुर ने मिलिट्री इंस्टॉलेशंस के लिए एडवांस्ड काउंटर-ड्रोन क्षमताएं तैनात की हैं, लेकिन शहरी सुरक्षा में उनकी तैनाती अक्सर प्राइवेट सिक्योरिटी और टेक्नोलॉजी ऑपरेटर्स के जरिए जरूरत के मुताबिक की जाती है। भारत अब सरकारी स्तर पर काउंटर-ड्रोन पेट्रोलिंग को ऑपरेशनल रूप देने में आगे बढ़ रहा है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :cecivil.trans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in
No.-04-01/Trans./Works/ 1940 Raipur, dtd.13.08.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/56, Rfx No.-8100053051, Hiring of 01 No. New SUV category vehicle with one driver for 03 years for O/o E.E. (Civil) Dn. CSPTCL Bilaspur; **NIT Value:**-Rs. 21.13 Lakhs **& EMD:**-Rs. 21,200/-, **Contract Period:**-36 Months.**2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/57, Rfx No.-8100053044,** Hiring of 01 No. SUV category vehicle with one driver for 03 years for A.E. (Civil) O/o E.E. (Civil) Dn. CSPTCL, Ambikapur.; **NIT Value:**-Rs. 21.13 Lakhs **& EMD:**-Rs. 21,200/-, **Contract Period:**-36 Months.
Cost per tender document to be submitted online for tender **SL.No. 01, 02 is Rs.2000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. **dtd. 17.09.2026 SL.No. 01; dtd. 18.09.2026 SL.No. 02.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal
(Sanjay Tiwari)
SAVE ELECTRICITY S-48786/3 Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur

कार्यालय नगर पंचायत केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
E-mail Id:- npkeshkal@gmail.com
क्रमांक/954/न.पं./ लो.नि. शाखा/2026-27 केशकाल, दिनाँक 18/8/2026
// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //
Main Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पंचायत केशकाल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	टेण्डर सिस्टम नं.	कार्य का नाम	अनु. ला. राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि	डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	197725	निकाय क्षेत्रांतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य	10.08	7600.00	
2	197739	वार्ड क्रमांक 14 में संतु सोरी के घर से राजेंद्र नेताम के घर तक सी.सी. सड़क का निर्माण (10.68 लाख) एवं वार्ड क्रमांक 14 में एस.एल.आर.एम. सेंटर के पास बाऊंड्रीवॉल निर्माण कार्य (5.38 लाख)	16.06	12100.00	
3	197729	वार्ड क्रमांक 13 में सुशिला यादव घर से चंद्रकला पवार घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 13 मेन रोड से आकाक्षीय शौचालय तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	12.92	9700.00	
4	197750	निकाय क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो के नालियों में ढक्कन एवं जाली निर्माण कार्य (23.33 लाख) एवं वार्ड क्रमांक 02 एवं 14 में पुलिया निर्माण कार्य (3.78 लाख)	27.11	20500.00	
5	197745	वार्ड क्रमांक 13 में आंगनबाड़ी से रेवती कौशिक के घर तक नाली निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 03 में पौनी पसारी हॉट बाजार से राजा तालाब डुलट तक नाली निर्माण कार्य	16.80	12600.00	
6	197734	निकाय क्षेत्रान्तर्गत सभी वार्डों में वार्ड इनफॉरमेशन बोर्ड स्थापना कार्य वार्ड क्रमांक 01 से 15	14.38	10800.00	08/09/2026 time 17.30
7	197747	वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 मस्जिद गली में बी.टी रोड चौड़ीकरण कार्य	22.35	17000.00	
8	197759	निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पाईप लाईन विस्तार एवं एल्युमिनीयम पानी टंकी स्थापना कार्य :- 1. वार्ड क्रमांक 13 बड़पारा शितला मंदिर के पास, 2. वार्ड क्रमांक 15 ढोढरापारा 3. वार्ड क्रमांक 01 पंचवटीपारा 4. वार्ड क्रमांक 14 सुभाष चौंक से आंगनबाड़ी क्षेत्र एवं नगर पंचायत क्षेत्र में आवश्यकतानुसार	40.07	31000.00	
9	197754	निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पाईप लाईन विस्तार कार्य :- 1. वार्ड क्रमांक 08 सेवती यादव घर से शिवनाथ मरकाम घर तक। 2. वार्ड क्रमांक 9 निषाद समाज भवन से चोपड़ा घर तक 3. वार्ड क्रमांक 10 जनपद कार्यालय से कृष्णा घर तक 4. वार्ड क्रमांक 11 मस्जिद साईड । 5. वार्ड क्रमांक 12 बिकानेर दुकान से जमातखाना भवन तक 6. नगर पंचायत केशकाल क्षेत्र में आवश्यकतानुसार	28.91	21700.00	

टीप :- अमानत राशि एवं शपथ पत्र (100/-) एवं ऑन लाईन निविदा में अपलोड की गई समस्त दस्तावेजो की मूल प्रति फिजिकल के रूप में निर्धारित समयावधि में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर डॉक के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in एवं ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgtate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत केशकाल

एक्टर कार्तिक आर्यन को अपने 25वें वर्ष में 250 आउटलेट स्टोर के साथ अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

रायपुर। पूरे भारत की तेजी से बढ़ते वैल्यू रिटेल चेन में से ग्राहकों का हिस्सा एक ब्रांड फ़ैशन सिटी ने नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले बॉलीवुड के स्टार एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की।

यह कंपनी की ग्रोथ की यात्रा में एक बड़ा अहम पड़ाव है। यह जुड़ाव फ़ैशन सिटी की आधुनिक भारतीय परिवारों की उम्मीदों से जुड़ने और देश भर में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2002 में अपनी शुरुआत के बाद से बाजार रिटेल प्राइवेट लिमिटेड भारत के प्रमुख बेहतरीन वैल्यू रिटेल ब्रांडों में से एक बन गया है। इसने क्वालिटी, किफायती दाम और वैरायटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से लाखों लोगों का भरोसा जीता है। किफायती कीमतों पर फैशन, लाइफस्टाइल और घर की जरूरी चीजों की एक बड़ी रेंज पेश करते हुए यह ब्रांड मेट्रो, टियर-II, टियर-III के साथ उभरते बाजारों में परिवारों की जरूरतों को पूरा करता है।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION
e-Procurement Tender Notice
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)
NIT NO. 539/PWD/Zone-5/2026 RAIPUR DATED- 17.08.2026
Online bids are invited for the following works of works up to **02.09.2026 at 17:30 hours.**

Sl. No.	System Tender No.	Name of work / Description of work	Probable amount of contract	Remark
1	197738	पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 40 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर (बालक) उ. मा. विद्यालय में शेड निर्माण हेतु, सस्वती विहार साईंस कालेज छात्रावास के पीछे।	25.00 Lacs	2nd Call

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 18.08.2026 10.30 Hours(IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE :-
1. All eligible (i.e. Registration, G.S.T./ PAN card/ ITR/Commercial Tax current / Current Revenue Soulvency) and interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE- 5
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

आओ मिलकर प्रतिज्ञा करें,
स्वस्थ भारत, समर्थ भारत का निर्माण करें।
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक भारत ★ श्रेष्ठ भारत ★ आत्मनिर्भर भारत
स्वस्थ नागरिक सशक्त भारत की पहचान, स्वास्थ्य सेवा और समर्पण से बनेगा विकसित भारत महान।
स्वस्थ नागरिक
स्वस्थ परिवार
स्वस्थ भारत
विनीत,
सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक
दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर (छ.ग.)

आओ मिलकर प्रण लें,
स्वस्थ भारत, सशक्त भारत का निर्माण करें।
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक भारत ★ श्रेष्ठ भारत ★ आत्मनिर्भर भारत
स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र ही है विकसित भारत की पहचान।
विनीत,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
स्वास्थ्य विभाग दंतेवाड़ा (छ.ग.)

स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से
मिली है आज़ादी, इसे बनाए रखना हम सबकी ज़िम्मेदारी।
15th अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सुनीता भास्कर
श्री रमेश गावड़े
आओ मिलकर देश को प्रगति, शांति और समृद्धि की ओर बढ़ाएं।
विनीत - जनपद पंचायत दंतेवाड़ा

आओ मिलकर संकल्प लें,
भारत को विकसित और सशक्त बनाएं।
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं!
15 अगस्त
मजबूत निर्माण
विकसित भारत
समृद्ध भारत
गुणवत्तापूर्ण निर्माण
सुरक्षित अवसंरचना
समर्पित सेवा
जनहित सर्वोपरि
विनीत,
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दंतेवाड़ा

समर्पण उन वीरों का, जिनकी वजह से हम आजाद हैं,
आओ मिलकर करें देश का, और भी अधिक विकास हैं।
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हमारा संकल्प
शिक्षा से ही देश का विकास,
शिक्षित भारत - समर्थ भारत
समग्र शिक्षा, सबका अधिकार
यही है नया भारत का आधार
15 अगस्त
आजादी का अमृत महोत्सव
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर शिक्षा के माध्यम से एक सशक्त, संस्कारी, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।
विनीत,
जिला शिक्षा अधिकारी एवं
जिला मिशन समन्वयक
राजीव गांधी शिक्षा मिशन, दंतेवाड़ा
वंदे मातरम्
जय हिन्द!
शिक्षा है अधिकार, शिक्षा है सम्मान, शिक्षा से ही बनेगा विकसित भारत महान।

युवा शक्ति – राष्ट्र शक्ति
खेल से स्वस्थ युवा, स्वस्थ युवा से सशक्त भारत।
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक भारत ★ श्रेष्ठ भारत ★ आत्मनिर्भर भारत
खेल हमें सिखाता है, अनुशासन, संघर्ष और सफलता का मार्ग। आइए, खेल को जीवन का हिस्सा बनाएं और राष्ट्र को गौरव दिलाएं।
विनीत,
जिला खेल अधिकारी
एवं युवा कल्याण विभाग
दंतेवाड़ा (छ.ग.)
"खेलो इंडिया,
खिलेगा इंडिया
जीतेगा इंडिया"

स्वतंत्रता की शान, तिरंगे की पहचान
हर भारतीय का यही अभिमान
15 अगस्त
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हमारा संकल्प
सुरक्षित यातायात, सुगम परिवहन
विकसित भारत का अभिनंदन
जिला परिवहन अधिकारी
परिवहन विभाग, दंतेवाड़ा (छ.ग.)

सहायक आयुक्त
आदिम जाति कल्याण विभाग
दंतेवाड़ा
की ओर से जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं!
शिक्षा, सुरक्षा स्वावलंबन और सशक्तिकरण हमारा संकल्प, जनजातीय समाज का समग्र विकास हमारा लक्ष्य।
जनजातीय समाज के उत्थान से ही राष्ट्र का सच्चा विकास संभव है।

जिलाआबकारी अधिकारी
आबकारी विभाग, दंतेवाड़ा
की ओर से समस्त जिला वासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं!
आबकारी विभाग
शराब छोड़ें, परिवार जोड़ें
नशा त्यागें, जीवन संवारें
नशामुक्त भारत
समृद्ध भारत
सशक्त भारत
आइए, हम सब मिलकर नशामुक्त भारत का निर्माण करें और स्वतंत्रता के इस पर्व को सार्थक बनाएं।

युवा शक्ति – राष्ट्र शक्ति
खेल से स्वस्थ युवा, स्वस्थ युवा से सशक्त भारत।
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक भारत ★ श्रेष्ठ भारत ★ आत्मनिर्भर भारत
विनीत,
जिला खेल अधिकारी
एवं युवा कल्याण विभाग
दंतेवाड़ा (छ.ग.)
"खेलो इंडिया,
खिलेगा इंडिया
जीतेगा इंडिया"

आजादी के उत्सव
स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दंतेवाड़ा को मेडिकल कॉलेज की बड़ी सौगात
भाजपा सरकार के बजट 2026-27 में नए मेडिकल
कॉलेज के संचालन हेतु बजटीय प्रावधान,
अब बस्तर में मजबूत होगी स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल शिक्षा।
MEDICAL COLLEGE
केदार कश्यप

उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर पुलिस को दो राज्य स्तरीय पुरस्कार मिले

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर बिलासपुर पुलिस को उत्कृष्ट कार्यों के लिए दो प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय पुलिस पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जिले में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2025 में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर यह सम्मान प्रदान किया गया। इनमें अजाक़ थाना बिलासपुर को शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार तथा उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) डीआर टंडन को पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, नाबालिग बालक-बालिकाओं तथा समाज के कमजोर वर्गों पर होने वाले अत्याचार एवं उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने और त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इसी क्रम में बिलासपुर पुलिस ने इस वर्ष दो महत्वपूर्ण पुरस्कार अपने नाम किए हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अजाक़ थाना बिलासपुर को शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार के तहत थाना को रनिंग शील्ड, 50 हजार रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र मिला। वहीं उप पुलिस अधीक्षक (अजाक़) डीआर टंडन को पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसके अंतर्गत 25 हजार रुपये नकद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों में उत्कृष्ट विवेचना, संवेदनशील कार्यप्रणाली, त्वरित कार्रवाई तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। बिलासपुर पुलिस के उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के नेतृत्व में किए गए कार्यों को राज्य स्तर पर सराहना मिली। उन्होंने अजाक़ थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को 5-5 हजार रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया। पुलिस विभाग ने इस उपलब्धि को टीमवर्क, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और संवेदनशीलता का परिणाम बताया।अधिकारियों ने कहा कि

यह सम्मान पुलिस बल को और अधिक समर्पण, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। बिलासपुर पुलिस ने भविष्य में भी कमजोर एवं वंचित वर्गों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है।

शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार व 50 हजार नकद इनाम

बिलासपुर पुलिस के लिए स्वतंत्रता दिवस 2026 गौरवपूर्ण उपलब्धि लेकर आया। राज्य स्तरीय पुलिस पुरस्कारों में जिले को दो महत्वपूर्ण सम्मान मिले। अजाक़ थाना बिलासपुर को शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार प्रदान किया गया। थाना को रनिंग शील्ड के साथ 50 हजार रुपए नकद एवं प्रशस्ति पत्र मिला। वहीं उप पुलिस अधीक्षक (अजाक़) डीआर टंडन को पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें 25 हजार रुपए नकद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। ये पुरस्कार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से जुड़े मामलों में उत्कृष्ट विवेचना, संवेदनशील कार्यप्रणाली और त्वरित वैधानिक कार्रवाई के लिए दिए गए। बिलासपुर पुलिस ने बताया कि पीड़ितों को न्याय दिलाने और कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का यह राज्य स्तरीय सम्मान है। बिलासपुर पुलिस को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगातार दूसरी बार शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी बिलासपुर पुलिस को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ था। इस वर्ष दो राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलना जिले की पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एससी-एसटी अत्याचार से संबंधित मामलों में समयबद्ध कार्रवाई, वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष विवेचना, आरोपियों के खिलाफ प्रभावी वैधानिक कार्रवाई और पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

ओबीसी अधिकारों का प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। ओबीसी संगम छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्वावधान में जनपद सभा कक्ष तखतपुर में ओबीसी अधिकार जानकारी प्रशिक्षण एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पिछड़ा समाज के प्रदेश अध्यक्ष सी.ए. विष्णु बघेल ने ओबीसी समाज के हक, अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने पिछले 22 वर्षों के दौरान ओबीसी समाज के अधिकारों से जुड़े विभिन्न पहलुओं तथा मंडल कमीशन और महाजन आयोग द्वारा ओबीसी समाज के लिए की गई अनुशंसाओं की जानकारी दी। उन्होंने समाज के लोगों से अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और संगठित होकर सामाजिक हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

ओबीसी संगम संयोजक मंडल सदस्य श्याम मूरत कौशिक ने आगामी 22 एवं 23 अगस्त को कुर्मी भवन, सेक्टर-7 भिलाई, जिला दुर्ग में आयोजित बी.पी. मंडल जयंती एवं ओबीसी संगम कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

कार्यक्रम में ओबीसी नेता संतोष कश्यप, विनोद साहू, कुमार राज कश्यप, बलदाऊ कौशिक, लक्ष्मीकांत कौशिक, पार्वती साहू, रामझूल साहू, मधु सोनी, हेमंत कश्यप, सुनील यादव, सूर्या कश्यप, एडवोकेट लवकुश साहू, रेखा साहू, शशि कश्यप, जय साहू, जय प्रकाश सिंगरौल, जय प्रकाश कौशिक, संजय प्रकाश साव, रामकुमार कौशिक, डॉ. रघु साहू, अंबिका कौशिक, शैलेन्द्र कौशिक, रामू कर्ष, कौशल कौशिक, समीर कौशिक, राजाराम कश्यप, नरोत्तम कश्यप, दीना कश्यप सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा, 6 हजार घरों में लगे सोलर प्लांट, भवन नक्शों में जल निकासी अनिवार्य करने पर जोर

एआई सीखेंगे जिले के शिक्षक, जैविक खेती के लिए बनेंगे मॉडल गांव

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के सभी स्कूलों के शिक्षकों को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्किल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में अधिकारियों को प्रशिक्षण को जिले के सभी स्कूलों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कोटा और तखतपुर विकासखंड में प्रशिक्षण की शुरुआत हो चुकी है। रमन यूनिवर्सिटी के सहयोग से शिक्षकों को एआई की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान समय एआई तकनीक का है और शिक्षा के क्षेत्र में इसके उपयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

बैठक में कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कोटा विकासखंड के उमरिया, बेहरामुड़ा और लूफा गांवों को जैविक खेती के मॉडल गांव के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। मस्तूरी विकासखंड का रिसदा

गांव बीज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। कलेक्टर ने इन गांवों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का बेहतर समन्वय कर किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि अन्य गांव भी जैविक और उन्नत कृषि के लिए प्रेरित हो सकें।

सोलर प्लांट से 4 हजार का बिल घटकर 1 हजार हुआ

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की भी समीक्षा की और शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्युत विभाग को विभिन्न विभागों की बैठकों में योजना की पात्रता, प्रक्रिया और लाभ की जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम शिवकुमार बैनर्जी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि घर में सोलर प्लांट लगने के बाद उनका बिजली बिल करीब 4 हजार रुपये से घटकर लगभग 1 हजार रुपये रह गया। जिले में अब तक करीब 6 हजार घरों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर प्लांट लगाए जा चुके हैं।

जलभराव रोकने भवन नक्शों में जल निकासी पर जोर

शहर में जलभराव की समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग को भवनों के नक्शे स्वीकृत करते समय जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में भूमिगत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण के लिए राज्य शासन ने 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। प्रत्येक वार्ड में उपयुक्त स्थान चिन्हित कर जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण की संरचनाएं विकसित की जाएंगी। कलेक्टर ने सेवा सेतु और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल शिकायत का निराकरण दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आवेदक की संतुष्टि भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

जनदर्शन में गूंजे शहर से गांव तक के मुद्दे

कलेक्टर संजय अग्रवाल के साप्ताहिक जनदर्शन में मंगलवार को शहर से लेकर गांव तक की समस्याएं पहुंचीं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने निजी और सामुदायिक समस्याओं को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपे। कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अधिकांश मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे एवं अपर कलेक्टर डॉ. ज्योति पटेल ने भी लोगों की समस्याएं सुनीं। रत्नदेव साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष ने रतनपुर में पर्यटक सहयोग केंद्र खोलने की मांग की। उन्होंने बताया कि रतनपुर तालाबों और मंदिरों की नगरी के रूप में प्रसिद्ध है तथा यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए समिति ने पर्यटन सहयोग केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया और इसके संचालन में निःशुल्क सहयोग की पेशकश की। छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष विद्यानंद निर्मलकर ने स्कूल सफाई कर्मियों के लंबित मानदेय भुगतान की समस्या रखी।

स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय

बिलासपुर। डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी, डॉ. साकेत सिंह चंदेल, डॉ. निकेत कुमार शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उपयोग करने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं,

बल्कि जिम्मेदारी भी है। युवाओं को शिक्षा, अनुशासन और नवाचार के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में योगदान देना चाहिए। सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और देशभक्ति का परिचय देते हुए कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए राष्ट्रसेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति के दुष्परिणामों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

पारंपरिक श्रृंगार से सजी चंद्रा समाज की महिलाएं, विमल बनीं सावन सुंदरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। त्रिवेणी नगर स्थित चंद्रा भवन में छत्तीसगढ़ के प्रथम तिहार हरेली को पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में समाज के लोगों ने कृषि औजारों और नंदी बैल की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल एवं सुख-समृद्धि के लिए मां धरती से प्रार्थना की। इसके बाद महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।महिला समिति की अध्यक्ष लखेश्वरी चंद्रा एवं हेमा चंद्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हरेली मिलन समारोह के साथ सावन सुंदरी एवं सावन किंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ।सावन सुंदरी प्रतियोगिता में महिलाओं ने हरे रंग की साड़ी, बिंदी, चूड़ी, नेल पेंट,

गले एवं कान के आभूषण, मेहंदी और आलता सहित पारंपरिक श्रृंगार के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के लिए दो राउंड आयोजित किए गए। प्रथम राउंड में म्यूजिकल गतिविधि और दूसरे राउंड में नींबू-चम्मच दौड़ कराई गई। प्रतियोगिता में करीब 35 महिला सदस्यों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए विमल चंद्रा ने सावन सुंदरी का खिताब अपने नाम किया। वहीं रविकांत चंद्रा सावन किंग चुने गए। विजेताओं को समाज के सदस्यों ने बधाई देते हुए फूल-मालाओं से सम्मानित किया।कार्यक्रम में महिला समिति की लखेश्वरी, हेमा, गंगा, रोशनी, प्रीति, अर्चना, उषा, मीना, वीणा, सुनीता, पूर्णिमा एवं लक्ष्मी सहित समिति के अध्यक्ष श्याम लाल चंद्रा, कन्हैया, गणेश, राधे, माधव, कंचन, गनपत, गोपी, भुनेश्वर, राजेंद्र, ओमकार, जीवन प्रकाश समेत समाज के वरिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन लखेश्वरी, हेमा, रोशनी, प्रीति, पूर्णिमा एवं लक्ष्मी ने किया। आभार प्रदर्शन रोशनी चंद्रा ने किया। हरेली मिलन समारोह के दौरान पारंपरिक संस्कृति, सामाजिक एकजुटता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

सावन क्वीन कॉन्टेस्ट सीजन-4 में प्रियंवदा सिंह ने जीता खिताब, नेहा सोनी रहीं प्रथम

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वर्णा महिला विंग 'हमेशा एक कदम आगे' द्वारा राज्य स्तरीय सावन क्वीन कॉन्टेस्ट सीजन-4 (2026) का भव्य आयोजन 16 अगस्त को बिलासपुर के एक निजी होटल में किया गया। आयोजक निशा यज्ञेश सोनी के नेतृत्व में आयोजित इस सांस्कृतिक एवं सौंदर्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने रैंप वॉक, परिचय तथा टैलेंट एवं डांस राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रैंप वॉक के दौरान ड्राई आइस के धुएं और एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित प्रतिभागियों के पोस्टर्स ने आयोजन को आकर्षक बनाया। आयोजक निशा यज्ञेश सोनी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य न्यूनतम पंजीयन शुल्क में

महिलाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराकर उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को बढ़ावा देना है। आयोजन को सफल बनाने में नेहा अमित सोनी सहित संस्था की पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।प्रतियोगिता में प्रियंवदा सिंह ने सावन क्वीन का खिताब अपने नाम किया। वहीं नेहा अमित सोनी प्रथम रनरअप और मौसमी नामदेव द्वितीय रनरअप रहीं। संगीता साहू को लकी स्वर्णा सावन क्वीन का खिताब प्रदान किया गया। पंचुअलिटी के लिए नीलिनी सिंह और संध्या गुप्ता को सम्मानित किया गया। हाउसिंग गेम में भी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री एवं सहयोग फाउंडेशन की अध्यक्ष किरण सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेविका रेनू गौतम सहित विभिन्न सामाजिक एवं महिला संगठनों से जुड़ी पदाधिकारी मौजूद रहीं। निर्णायक मंडल में एंजल चौकसे, किरण तथा संगीता तिवारी शामिल रहीं। समापन अवसर पर अतिथियों एवं ज्यूरी सदस्यों ने विजेताओं को ताज, शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

ऑपरेशन रक्षासूत्र, जवानों के लिए भेजी राखियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। संस्कृति संगम सेवा समिति द्वारा 'ऑपरेशन रक्षा-सूत्र 2026' के तहत देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के लिए राखियाँ भेजी गईं। समिति की अध्यक्ष सुनैना नायर के नेतृत्व में समिति की महिला सदस्यों ने सैकड़ों राखियाँ एकत्रित कीं। 15 अगस्त को एकत्रित राखियाँ अभियान के संयोजक महेंद्र प्रताप सिंह राणा के हाथ समिति की सचिव श्वेता पटेल और कोषाध्यक्ष जयेश नायर द्वारा सौंपी गईं, जिन्होंने इन्हें वीर जवानों तक पहुंचाने का दायित्व लिया है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनैना नायर ने कहा कि 'हमारी बहनों द्वारा भेजी गई यह राखी केवल धागा नहीं, बल्कि देशभक्ति और स्नेह का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि सीमा पर खड़े हमारे भाईयों को भी घर जैसा अपनापन मिले।

निधन
रमेश शर्मा

पत्थलगांव। जशपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा का सोमवार प्रातः 5 बजे निधन हो गया।वे 70 वर्ष के थे। विगत 5 दशकों से वे निष्पक्ष एवं जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ रहे। पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ होने के बाद भी उनकी लेखनी नहीं रुकी। उनका निधन पत्रकारिता जगत एवं समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। पाँच दशक में, उन्होंने सभी बड़े समाचार पत्रों के अलावा, न्यूज एजेंसी और टीवी चैनल के लिए काम किया।80-90 के दशक में, उन्होंने जशपुर सरगुजा जिले के दूरस्थ इलाकों की रिपोर्टिंग की, जिसे देशभर में स्थान मिला। शर्मा अविभाजित मध्य प्रदेश के अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार रहे। छत्तीसगढ़ बनने के बाद वे अधिमान्यता समिति के सदस्य रहे।

ग्राहक सेवा: बीएसएनएल का स्वतंत्रता दिवस पर खास ऑफर, जीएम नितेश श्रीवास्तव ने दी योजनाओं की जानकारी

एक रुपए में 1 जीबी डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर और नई डिजिटल सेवाओं की घोषणा की है।

इनमें नए मोबाइल ग्राहकों के लिए महज एक रुपये में 24 दिन की वैधता वाला 'री.1 फ्रीडम 2.0 ऑफर', 1,111 प्रतिमाह का फाइबर फ्रीडम प्लान, बीएसएनएल एंटरटेनमेंट टीवी तथा दूरदराज के क्षेत्रों के लिए सैटेलाइट फोन सेवा शामिल है।बीएसएनएल के जीएम नितेश श्रीवास्तव ने इन योजनाओं की जानकारी दी।

एक रुपये में 24 दिन की मोबाइल सेवा

'री.1 फ्रीडम 2.0' ऑफर के तहत नए ग्राहक केवल एक रुपये में बीएसएनएल मोबाइल नेटवर्क का लाभ ले सकेंगे। इसमें प्रतिदिन 1 जीबी डेटा, रोजाना 100 एसएमएस और अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग की सुविधा दी जाएगी। इस ऑफर की वैधता 24 दिन होगी। बीएसएनएल का उद्देश्य नए ग्राहकों को किफायती दर पर भरोसेमंद दूरसंचार नेटवर्क से जोड़ना है। बीएसएनएल ने Global Satellite Phone Service के माध्यम से दूर-दराज और कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में भी संचार सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ाया है। जहां सामान्य मोबाइल नेटवर्क की पहुंच नहीं है, वहां सैटेलाइट सेवा के जरिए भरोसेमंद कनेक्टिविटी मिल सकेगी। बीएसएनएल के अनुसार यह पहल सुरक्षित, विश्वसनीय और आधुनिक डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषित इन सेवाओं के माध्यम से बीएसएनएल ने किफायती मोबाइल, हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड, डिजिटल मनोरंजन और दूरस्थ क्षेत्रों में संचार सुविधाओं को एक साथ उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

1,111 का फाइबर फ्रीडम प्लान

बीएसएनएल ने प्रीमियम ब्रॉडबैंड और मनोरंजन सुविधाओं को एक साथ उपलब्ध कराने के लिए ?1,111 प्रतिमाह का फाइबर फ्रीडम प्लान भी पेश किया है। इसमें 200 एमबीपीएस तक की इंटरनेट स्पीड, 5,000 जीबी मासिक डेटा और 25 से अधिक प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पहुंच शामिल है। एक ही कनेक्शन के जरिए ग्राहकों को ब्रॉडबैंड के साथ डिजिटल मनोरंजन का लाभ मिलेगा।

मोबाइल पर टीवी और ऑन-डिमांड मनोरंजन

बीएसएनएल एंटरटेनमेंट टीवी, जिसे [illegible] द्वारा संचालित किया जा रहा है, के माध्यम से बीएसएनएल मोबाइल ग्राहकों को [illegible] पर सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। ग्राहक मोबाइल पर लाइव टीवी चैनलों के साथ ऑन-डिमांड मनोरंजन सामग्री का आनंद ले सकेंगे।

अरपा पार को अलग नगर निगम बनाने की मांग, 1 सितंबर से आमरण अनशन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के अरपा पार क्षेत्र सरकंडा को अलग नगर निगम बनाने की मांग तेज हो गई है। नागरिक सुरक्षा मंच ने मांग पूरी कराने के लिए आंदोलन का ऐलान किया है। मंच के संयोजक अमित तिवारी 1 सितंबर से आमरण अनशन शुरू करेंगे। उन्होंने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। अमित तिवारी ने कहा कि वर्तमान में अरपा पार क्षेत्र नगर निगम के 22 वार्डों में फैला हुआ है। आबादी और क्षेत्रफल के लगातार विस्तार के साथ यहां शहरी सुविधाओं और विकास कार्यों की जरूरत भी बढ़ रही है। ऐसे में अरपा पार क्षेत्र के लिए अलग नगर निगम का गठन समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अलग नगर निगम बनने से क्षेत्र में विकास कार्यों की बेहतर योजना बन सकेगी और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रशासनिक सुविधा होगी।

हर साल बारिश और उफनती नदी बनती है मुसीबत, दूसरे के घर शरण लेने को ग्रामीण मजबूर

■ कई शिकायत के बाद भी समस्या का नहीं हुआ समाधान

सूरजपुर/ओड़गी। जिला सूरजपुर के विकासखंड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत लाजित से ग्राम पुतकी जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित कोयलाहवा नदी इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी और भय का बड़ा कारण बनी हुई है। बारिश होते ही नदी में पानी का भराव बढ़ जाता है और आवागमन का रास्ता बाधित होने के साथ ग्रामीणों के सामने रात गुजारने तक का संकट खड़ा हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण वे अपने घरों में सुरक्षित नहीं रह पाते। हालात इतने गंभीर हैं कि कई परिवारों को मजबूरी में रात के समय दूसरे ग्रामीणों के घरों में शरण लेकर रात बितानी पड़ती है। ग्रामीणों के मुताबिक जब भी बारिश होती है, उन्हें अपने घर छोड़कर दूसरे के घर का सहारा लेना पड़ता है। यह समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि हर बरसात में दोहराई जाने वाली गंभीर समस्या बन चुकी है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि ग्रामीणों के अनुसार आज तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के एसडीएम, जनपद सीईओ, कलेक्टर, विधायक और

सांसद सहित जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों तक समस्या की जानकारी पहुंचने के बावजूद मौके की वास्तविक स्थिति देखने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक बारिश की हर रात उन्हें दूसरे के घरों में शरण लेकर गुजारनी पड़ेगी?

मुख्य मार्ग पर संकट आवागमन भी प्रभावित

लाजित से पुतकी जाने वाला मार्ग ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इसी मार्ग पर नदी में पानी का भराव होने से ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित होती है। बरसात के दौरान नदी का पानी बढ़ने पर बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार लोगों के लिए स्थिति और अधिक चिंताजनक हो जाती है। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए नदी पर उच्चस्तरीय पुलिया/पुल एवं सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था बेहद जरूरी है।

ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

लगातार उपेक्षा से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन गांवों के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बारिश के मौसम में उन्हें अपने ही घर में सुरक्षित रात बिताने का अधिकार तक नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कोयलाहवा नदी का तत्काल स्थल निरीक्षण कराया जाए, बरसात के दौरान वैकल्पिक सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था की जाए तथा स्थायी रूप से पुल/पुलिया निर्माण की कार्रवाई शुरू की जाए। साथ ही बारिश के दौरान प्रभावित परिवारों की सुरक्षा के लिए तत्काल राहत एवं सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था भी की जाए।

ग्रामीणों ने बताई समस्या

समस्या से प्रभावित ग्रामीणों में परमेश्वर पांडे, नेहरूलाल पांडो, अशोक पण्डो, देवकुमार पण्डो, गोंतीलाल खेरवार, रामकुमार पण्डो, बालकुमार पण्डो, बाबूलाल पण्डो, प्रश्नोतन पण्डो, अभिषेक गुर्जर, अनुराग सिंह गुर्जर, सुजान गुर्जर और देवप्रसाद राजवाड़े सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों का सीधा सवाल है, जब हर बारिश में नदी उफनती है और लोगों को रात गुजारने के लिए दूसरे के घरों में शरण लेनी पड़ती है, तो जिम्मेदार विभाग आखिर कब जागेंगे? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी, या उससे पहले ग्रामीणों की इस वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा?

भटगांव सहित अंचल में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी, आम आदमी परेशान

■ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले के पुलिस थाना भटगांव के अंतर्गत नगर के गली मोहल्ले, वार्डो मे अवैध शराब का खुले आम बिक्री हो रहा है जिससे आये दिन आम नागरिक परेशान है यहाँ तक शाम होते ही महिलाओ का निकलना मुश्किल हो गया है.

आपको बता दें कि जब से थाना प्रभारी भटगांव मे पदस्थ हुए है तब से असामाजिक तत्वों के लोगों का खौफ बढ़ता ही जा रहा है. शाम होते ही गली मोहल्ले, चौक चौराहो एवं सेठ तालाब घाट,अडबंधा तालाब घाट, बड़े तालाब घाट, शासकीय कन्या स्कूल मैदान, सेजेस स्कूल मैदान, बंदारी पुल मेन रोड, सिंघिचूवा पठार, नया बस स्टैंड मे खुलेआम सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन गाली गलौज करते देखें जा रहे है अधिकांश ढाबा मे गुप्त रूप से एवं खुलेआम शराब का बिक्री कर सेवन किया जा रहा है। जहाँ पुलिस प्रशासन अंकुश लगाने मे असफल हो रहे है. यहाँ तक लोगों का कहना है कि ढाबा, पान ठेला, होटल, लाज एवं वार्डो मे खुलेआम शराब का अवैध बिक्री भी किया जा रहा है जिससे बच्चे, महिलाएं एवं

आसपास के लोग काफ़ी परेशान है यहाँ तक गली मोहल्ले मे गांजा की पुड़िया बनाकर बेचा जाता है और 24 घंटे खरीदने वालो की लाइन लगी रहती है.

शिकायत करने पर पुलिस के पहले अवैध शराब व गांजा बेचने वालो को हो जाता है और कार्यवाही भी शून्य हो जाता है. वहीँ कई लोगों ने आरोप लगाया कि बेचने वाले को पुलिस द्वारा संरक्षण भी दिया जा रहा है जिससे अवैध शराब बिक्री का धंधा एवं अन्य गतिविधि बेखौफ़ चल रहा है.

कुछ दिन पहले ही अवैध शराब के बिक्री करने की शिकायत से एक परिवार को ही खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे उनके घर मे ही घुसकर परिवार के सदस्यों एवं महिलाओ को गाली गलौज करते हुए मारपीट किया गया. पुलिस को मौखिक सुचना देने के बौजूद कार्यवाही नहीं किया जाता यहाँ तक इस मामले मे पुलिस अधीक्षक को भी सुचना दी गई तत्पश्चात 1-2 दिन कार्यवाही हुआ उसके बाद फिर कारवाही शून्य।

लापरवाही: गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में लाखों की सरकारी निर्माण सामग्री बर्बाद

लाखों की सीमेंट बोरियां बनीं पत्थर जिम्मेदारी पर वन विभाग में चुप्पी

जगदलपुर/ नवप्रदेश। गीदम रोड स्थित वन विद्यालय के परिसर में सैकड़ों सीमेंट की बोरियां लंबे समय से पड़ी-पड़ी खराब हो चुकी हैं। समय पर उपयोग नहीं होने और उचित रखरखाव के अभाव में अधिकांश सीमेंट पत्थर में तब्दील हो गया है। लाखों रुपये की सरकारी निर्माण सामग्री की इस तरह बर्बादी ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल सीधा है–जब सरकारी धन से खरीदी गई सामग्री ही उपयोग से पहले कबाड़ हो जाए, तो इसकी जवाबदारी आखिर किसकी है?

मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है,जब जिम्मेदार अधिकारियों से सीमेंट खराब होने और उसके रखरखाव को लेकर जानकारी मांगी जाती है। वन विद्यालय के रेंजर से जानकारी लेने पर उन्होंने जिम्मेदारी एसडीओ के स्तर पर होने की बात कही। वहीं एसडीओ से संपर्क करने पर मामला डीएफ्ओ की जिम्मेदारी बताया गया। इसके बाद डीएफ्ओ से मोबाइल पर संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने इस मामले में प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं समझा। अधिकारियों के बीच

नुकसान का जिम्मेदार कौन

वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और वन मंत्री से अपेक्षा है कि वे मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराएं। जांच में यह स्पष्ट होना चाहिए कि लाखों की सीमेंट आखिर पत्थर कैसे बनी, सरकारी सामग्री समय पर क्यों नहीं लगी और इस नुकसान का जिम्मेदार कौन है। सरकारी संपत्ति जनता की संपत्ति है। इसकी बर्बादी पर चुप्पी के बजाय जवाबदेही तय होना जरूरी है। जवाबदेही तय होगी,तभी सरकारी धन की बर्बादी पर लगेगी रोक।

सभी एक-दूसरे पर दोष डालने में लगे

वन विद्यालय परिसर में सैकड़ों सीमेंट की बोरियां लंबे समय से पड़ी रहीं समय पर उपयोग नहीं होने से सीमेंट खराब होकर पत्थर में बदल गया। रेंजर से जानकारी लेने पर जिम्मेदारी एसडीओ के स्तर पर बताई गई। एसडीओ ने मामला डीएफ्ओ की जिम्मेदारी बताया डीएफ्ओ से मोबाइल पर संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब मामले में विभागीय जांच और जिम्मेदारी तय करने की जरूरत सामने आ गई है।

जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने की स्थिति ने पूरे मामले को और सवालों के घेरे में ला दिया है।

सरकारी सामग्री की खरीदी जनता के पैसे से होती है। ऐसे में सैकड़ों सीमेंट की बोरियों का खराब होकर अनुपयोगी हो जाना महज सामान्य प्रशासनिक चूक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह पता लगाया जाना जरूरी है कि सीमेंट कब खरीदा गया था, किस निर्माण कार्य के लिए मंगाया गया, उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी किस अधिकारी या कर्मचारी की थी और समय रहते उसका उपयोग क्यों नहीं किया गया।

सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि यदि सामग्री लंबे समय से परिसर में पड़ी थी तो उसकी नियमित निगरानी किसके जिम्मे थी? क्या विभागीय स्तर पर स्टॉक का सत्यापन किया गया था? यदि किया गया था तो खराब हो चुकी सामग्री को लेकर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? और यदि सत्यापन नहीं हुआ तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है?

अधिकारियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा संबंधित अधिकारियों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया,लेकिन स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया। रेंजर से लेकर एसडीओ और फिर डीएफ्ओ तक जिम्मेदारी का दायरा आगे बढ़ता रहा। ऐसे में अब विभाग के उच्च अधिकारियों के सामने यह स्पष्ट करना जरूरी हो गया है कि लाखों रुपये की इस सरकारी सामग्री के नुकसान की जिम्मेदारी किस स्तर पर तय की जाएगी।

नियमानुसार जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जानी

मामले में केवल खराब हुई सीमेंट की कीमत का आकलन पर्याप्त नहीं होगा। शासन को यह भी जांचना चाहिए कि खरीदी की प्रक्रिया,भंडारण,उपयोग और निगरानी में कहीं लापरवाही तो नहीं हुई। यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जानी चाहिए।

मोहारा-तेंदूभाटा मुख्य मार्ग बदहाल ग्रामीणों में आक्रोश, सीसी रोड निर्माण में लापरवाही का आरोप

मोहरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत क्षेत्र के मोहारा चौक से तेंदूभाटा जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग मोहरा और तेंदूभाटा दोनों गांवों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है, बावजूद इसके इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार मोहरा चौक से आगे नारायण सूर्यवंशी के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क स्वीकृत की गई थी। बताया गया कि जून माह से निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन सड़क की स्थिति और निर्माण की प्रगति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग द्वारा सड़क की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

मोहरा एवं तेंदूभाटा के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क की स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों सहित पैदल आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर मोहरा के सरपंच प्रतिनिधि वीर सिंह ठाकुर सहित मोहरा और तेंदूभाटा के ग्रामीणों ने मौके पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने और क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया जाए, ताकि दोनों गांवों के लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने संबंधित पीडब्ल्यूडी विभाग से तत्काल स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का साफ कहना है–सड़क स्वीकृत होने के बाद भी यदि आवागमन की समस्या दूर नहीं हुई तो जिम्मेदार विभाग को जवाब देना होगा।

दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास

■ पति-पत्नी की अक्टूबर 2025 में हुई थी हत्या

अंबिकापुर/नवप्रदेश। थाना दरिमा क्षेत्र के ग्राम कुम्हरता में गत वर्ष हुए बहुचर्चित पति-पत्नी हत्याकांड में द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, अंबिकापुर के न्यायालय ने को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मामले के दोनों आरोपियों 1. करीमन मझवार, पिता-स्व. कमल साय, उम्र-42 वर्ष, निवासी-पम्पापुर, थाना-दरिमा, जिला- सरगुजा (छ0ग0) 2. जय श्याम पिता-लखन राम, उम्र- 28 वर्ष, निवासी-पम्पापुर, थाना- दरिमा, जिला - सरगुजा को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

मामला थाना दरिमा के अपराध क्रमांक 159/2025 से संबंधित है। घटना 22-23 अक्टूबर 2025 की दरमियानी रात ग्राम कुम्हरता घाधी में हुई थी। 23 अक्टूबर की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक घर में पति-पत्नी के शव पड़े हैं। सूचना पर थाना दरिमा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां मृतक रीमा लकड़ा एवं उनकी पत्नी जुली लकड़ा उर्फउर्मिला के शव घर की परछी में पड़े मिले। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों की हत्या कर दी गई थी तथा घर से बकरियां भी गायब थीं। मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेकर डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल घटनास्थल पहुचे एवं थाना दरिमा पुलिस टीम कों मामले में बारिकी से साक्ष्य एकत्रित करने के दिशा निर्देश दिए गए थे, डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपियों की गहनता से पता तलाश तलाश शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी करीमन मझवार एवं जय श्याम कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों के मेमोरेण्डम कथनों के आधार पर घटना में प्रयुक्त टांगी (कुल्हाड़ी) बरामद की। आरोपियों द्वारा घटना के समय पहने गए शर्ट भी पुलिस ने जब्त किए, जिन पर खून जैसे धब्बे पाए गए थे। इसके साथ ही घटनास्थल से मृतक एवं मृतिका के शव के पास पड़ी खून आलूदा मिट्टी और साधारण मिट्टी के नमूने, मृतकों के कपड़े तथा पोस्टमार्टम के दौरान संरक्षित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों को विधिवत जब्त किया गया। जब्त सामग्री को परीक्षण के लिए एफ्एसएल भेजा गया तथा विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त हथियार और कपड़ों का क्यूरी परीक्षण भी कराया गया।

बैकुंठपुर में रेलवे टिकट दलाली का खुलासा, दो गिरफ्तार

कोरिया/बैकुंठपुर/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की जांच में बैकुण्ठपुर सिटी पीआरएस काउंटर से रेलवे के आरक्षित टिकटों की कथित अवैध खरीद-बिक्री का मामला सामने आया है। मामले में नगर पालिका बैकुण्ठपुर में संविदा पर कार्यरत अविनाश कुमार और उत्तर प्रदेश निवासी संजय कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

जांच के दौरान दोनों के मोबाइल से 60 आरक्षित रेलवे टिकटों के स्क्रीनशॉट मिलने की बात सामने आई है। इन टिकटों की कुल कीमत 3 लाख 68 हजार 351 रुपये बताई गई है।

आरपीएफ के अनुसार, इनमें 14 टिकट ऐसे भी मिले हैं, जिन पर हाथ से पीएनआर नंबर और अन्य विवरण लिखे गए थे।

मामले की शुरुआत 1 अगस्त 2026 को हुई, जब बैकुण्ठपुर सिटी पीआरएस काउंटर से हाथ से विवरण लिखकर टिकट जारी किए जाने की जानकारी सामने आई। बाद में इलाहाबाद जंक्शन पर जांच के दौरान संबंधित पीएनआर नंबर गलत पाया गया। इसके बाद मामले की जांच आगे बढ़ाई गई।

जांच में अविनाश कुमार की भूमिका सामने आने के बाद उसके मोबाइल की जांच की गई। आरपीएफ के अनुसार, व्हाट्सऐप चैट में टिकटों से संबंधित जानकारी मिली। पूछताछ में अविनाश कुमार द्वारा तत्काल टिकट तैयार करने तथा कुछ टिकट हाथ से लिखकर संजय कुमार विश्वकर्मा को देने की बात सामने आई। जांच के मुताबिक, टिकट बस के माध्यम से उत्तर प्रदेश भेजे जाते थे। इसके बदले अविनाश कुमार को प्रति व्यक्ति करीब 400 रुपये कमीशन मिलने की बात कही गई है। वहीं, संजय कुमार इन टिकटों को अलग-अलग ग्राहकों को बेचकर प्रत्येक टिकट पर करीब 600 से 800 रुपये तक अतिरिक्त राशि लेने की बात जांच में सामने आई है।

परिंदों की दुनिया: 33 जिलों में उल्लास के साथ दर्ज हुई 211 पक्षियों प्रजातियां

छत्तीसगढ़ में 'हरेली बर्ड फेस्टिवल-2026' का समापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पर्यावरण, प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 से 16 अगस्त 2026 तक तीन दिवसीय 'हरेली बर्ड फेस्टिवल 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक धरोहर व परिंदों की दुनिया को सहेजना, प संरक्षण को बढ़ावा देना और इको-टूरिज्म के जरिए स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करना हैद्य वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मार्गदर्शन तथा वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में यह आयोजन पूरे प्रदेश में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



प्रकृति, संस्कृति और नागरिक विज्ञान का अनोखा संगम: हरेली बर्ड फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य केवल पक्षियों की गणना करना ही नहीं, बल्कि नागरिक विज्ञान (ष्द्बह्लद्ब5द्गठ्ठ स्ध्द्बद्गठ्ठष्द्ग) के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पक्षी विविधता का वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण करना था। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकपर्व हरेली के अवसर पर आयोजित इस अभियान ने स्थानीय लोगों, छात्रों और प्रकृति प्रेमियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एकजुट किया।

33 जिलों में 45 बर्ड वॉक और 1,000 से अधिक प्रतिभागी: इस तीन दिवसीय अभियान के दौरान राज्य के सभी 33 जिलों में पक्षी अवलोकन गतिविधियों का आयोजन किया गया।

व्यापक सहभागिता: अभियान में 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रदेश भर में कुल 45 'बर्ड वॉक' आयोजित किए गए।

विविध स्थल: कोपरा जलाशय (रामसर साइट), चिच्छा वेटलैंड, बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य, अचानकमार टाइगर रिजर्व और नंदनवन जंगल सफारी सहित कई महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) और वन क्षेत्रों में सर्वे किया गयाद्य नंदनवन जंगल सफारी (नवा रायपुर) में दिव्यांगजनों के लिए विशेष 'बर्ड वॉक' का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

954 चेकलिस्ट और 211 पक्षी प्रजातियों का रिकॉर्ड: नागरिक विज्ञान मंच eBird के माध्यम से राज्य भर से एकत्र किए गए आंकड़ों में छत्तीसगढ़ की समृद्ध पक्षी विविधता सामने आई है। 3 दिनों में कुल 954 eBird Checklists के जरिए 211 पक्षी प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया।

प्रमुख पक्षी प्रजातियां

सर्वे के दौरान पेंटेड स्टॉर्क, रेड-नेप्ड आइबिस, कॉटन पिग्मी-गूज, इंडियन पैराडाइज-फ्लाईकैचर और ग्रेटर रैकेट-टेल्ड ड्रोंगो जैसी कई दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण प्रजातियां देखी गईं।

महिला समूहों और आजीविका से जुड़ाव

यह अभियान केवल पक्षी अवलोकन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे स्थानीय समुदायों और आजीविका से भी जोड़ा गया। रायपुर जिले की ग्राम पंचायत मांढर के अड़बंधा तालाब में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। यहाँ कलश स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'फ़ूड कार्ट' स्थानीय समुदाय की पहल और आजीविका- संरक्षण के सुंदर समन्वय का उदाहरण बना।

भविष्य के संरक्षण प्रयासों को मिलेगी मजबूती

इस सफल आयोजन के बाद प्राप्त आंकड़ों के आधार पर भविष्य में राज्य की महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों की नियमित निगरानी, 'पक्षी मित्र' नेटवर्क को मजबूत करने तथा स्कूलों एवं समुदायों के स्तर पर पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन युवक घायल

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र में रविवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जेजरा चैक के पास दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क किनारे घायलों को पड़ा देखकर बांगो डैम से रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लौट रही जिला नगर सेना की टीम ने तत्काल मदद की और 112 की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक, रविवार रात दो बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। जेजरा चैक के पास दोनों की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और सवार सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद सुनसान सड़क पर घायल काफी देर तक पड़े रहे। आसपास तत्काल मदद के लिए कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान बांगो डैम में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन से लौट रही जिला नगर सेना की टीम की नजर सड़क किनारे पड़े घायलों पर पड़ी। जवानों ने बिना देरी किए मौके पर रुककर स्थिति संभाली। टीम ने 112 पर कॉल कर एंबुलेंस बुलवाई और घायलों को प्राथमिक सहायता देने के बाद कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

डॉक्टरों के मुताबिक हादसे में तीन युवक घायल हुए हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। तीसरे युवक को भी चोटें आई हैं, लेकिन उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। समय पर मदद मिलने से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सका।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर धोटे*, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com